टिप्पणी:—पौराणिक कथा के अनुसार प्रलयकाल में उमड़े हुए समुद्र की लहर में तैरते हुए अक्षयवट के पत्र पर भगवान् बालमुकुन्द परमात्मा नन्हे से शिशु के रूप में विराजमान होकर अपने चरण का अंगूठा चूस रहे थे यथा—

करारविन्देनपदारविन्दं, मुखारविन्दे विनिवेशयन्तम्।
वटस्य पत्रस्य पुटे शयानं, बालं मुकुन्दं मनसा स्मरामि॥

कलकलैर्लपनैः सुधयाश्रितैः किलकितैर्हसितैः श्वसितैः स्मितैः।
सुरुचिरैः करपादविचालनैः स रमयन् रमते स्म कुटुम्बकम् ॥५७॥

शिवा-अन्वयः—सः कलकलैः लपनैः सुधया आश्रितैः किलकितैः हसितैः श्वसितैः स्मितैः सुरुचिरैः करपादविचालनैः कुटुम्बकम् रमयन् रमते स्म।

भावार्थ—वह बालक अत्यन्त मधुर अव्यक्त अमृतयुक्त वचनों से किलकारी सहज हास सात्विक श्वेत मुस्कान अत्यन्त सुन्दर हाथ एवं चरणों का चलाना आदि बालसुलभ चेष्टाओं से परिवार को आनन्दित करता हुआ स्वयं बालक्रीड़ा करने लगा।

सरलखञ्जनशावमसौ शशी, स्ववशमेत्य किमातनुते रुचिम् ।
चलदृशा कल कज्जल शोभिना शिशुमुखेन जनो भ्रममादधे ॥५८॥

शिवा-अन्वयः—असौ शशी सरलखञ्जनशावम् स्ववशम् एत्य किम् रुचिम् आतनुते इति कलकज्जलशोभिना चलदृशा शिशुमुखेन जनः भ्रमम् आदधे ।

भावार्थ—अरे ! यह चन्द्रमा भोले-भाले एवं खञ्जन शावक को क्या अपने वश में करके शोभा बढ़ा रहा है इस प्रकार काजल के डिठौने से सुशोभित एवं चञ्चल नेत्र वाले बालक के मुख से लोगों को भ्रम होने लगा ।

टिप्पणी—यहाँ नेत्र की उपमा खञ्जन से मुख की उपमा चन्द्र से दी गई है ।

तमनुलाल्य समीक्ष्य मुखाम्बुजं प्रहसितं परिपाय्य पयोधरम् ।
नयनसम्मितमर्भकवत्सला परिचुचुम्ब मुदा जननी सती ॥५९॥

शिवा-अवन्य—अर्भकवत्सला सती जननी प्रहसितम् नयन सम्मितम् तम् अनुलाल्य मुखाम्बुजम् समीक्ष्य पयोधरम् परिपाय्य मुखाम्बुजम् परिचुचुम्ब ।

भावार्थ—पुत्र पर वात्सल्य रखने वाली पतिव्रता माँ ने अपने नेत्र के समान प्यारे उस बालक को दुलार कर मन्दहास युक्त मुखकमल को निहार कर स्नेह पूर्ण स्तन्यपान कराकर बालक के मुख कमल को चूम लिया ।

प्रलपनैर्मम वेति मनोहरैर्दशनकैर्महितं वनजोपमम् ।
सततहृष्टसुखं जननीमुखं शिशुमवेक्ष्य निरातिशयं ययौ ॥६०॥

शिवा-अन्वय—ममवेति मनोहरैः प्रलपनैः दशनकैः महितम् वन जोपमम् सततहृष्टमुखम् शिशुम् अवेक्ष्य जननी निरातिशयम् सुखम् ययौ ।

भावार्थः—माँ-माँ, बाबा, इस प्रकार मनोहर बोली एवं छोटी-छोटी दो-दो दँतुलियों से सुशोभित कमल के समान सुकोमल निरन्तर

प्रसन्न मुख वाले शिशु चन्द्रशेखर को निहारकर माताश्री निरतिशय आनन्द को प्राप्त हुई ।

अथ पितुः कलयत्नसहस्रकैः, रतिमनुष्यगुणः शिशुरुत्तमः ।
विधुरिवावयवैः स नवोदयः, प्रतिदिनं ववृधे सितपक्षके ॥६१॥

शिवा-अन्वयः—अथ अतिमनुष्य गुणः सः उत्तमः शिशु पितुः कलयत्न सहस्रकैः सितपक्षके नवोदयः विधुः इव अवयवैः प्रतिपदम् ववृधे ।

भावार्थः—इसके अनन्तर अतिमानवीय गुणों से युक्त वह उत्तम बालक चन्द्रशेखर अपने पिता श्री सीताराम त्रिपाठी के सहस्रों प्रयासों से लालित होता हुआ शुक्ल पक्ष के नवीन चन्द्र की भाँति अपने कलारूप अवयवों से प्रतिपद बढ़ने लगा अर्थात् जैसे चन्द्रमा अपनी दिव्य कलाओं से पन्द्रह दिनों में ही पूर्ण हो जाते हैं उसी प्रकार अपने दिव्य अंगों की समृद्धि से बालक शीघ्रता से बड़ा होने लगा ।

अवनि मण्डन हेतुरयं ध्रुवं, रिपुकुलाम्बुजकर्कशमः शिशुः ।
वसुमतीति विभाव्य समादरात्, तमुपवेश्य मुदं परमां गता ॥६२॥

शिवा-अन्वयः—अयम् शिशु अवनिमण्डनहेतुः रिपुकुलाम्बुजकर्क समः ध्रुवम् इति विभाव्य वसुमती तम् समादरात् उपवेश्य परमाम् मुदम् गता ।

भावार्थः—यह बालक निश्चय ही भविष्य में पृथ्वी के अलंकरण का कारण बनेगा और यह शत्रुकुलरूप कमल को नष्ट करने के लिए कर्क अर्थात् ओले के समान होगा । इस प्रकार विचार करके पृथ्वी आदर-पूर्वक चन्द्रशेखर को अपनी गोद में बिठलाकर अतीव आह्लाद को प्राप्त हुई अर्थात् अब बालक चन्द्रशेखर थोड़ा-थोड़ा बैठने लगा ।

चिरवियुक्तमिवारिकुलार्दितं, विकलभारतमाशु लिलिङ्गिषुः ।
निजपदा वसुधांच कृतार्थयन्, स करपल्लवजानुचरोऽभवत् ॥६३॥

शिवा-अन्वय—सः चिरंवियुक्तम् अरिकुलार्दितम् विकलभारतम् आशु इव निजपदा वसुधाम् कृतार्थयन् करपल्लवजानुचरः अभवत् ।

भावार्थ—बहुत काल से बिछड़े हुए शत्रुगणों द्वारा पीड़ित व्याकुल भारत-भूमि को आलिंगन की इच्छा करते हुए से अपने चरणों से भूमि को कृतार्थ करते हुए कर पल्लव एवम् घुटनों के सहारे चलने लगे ।

विलुलितालिकुलालकभूषितः कवलकल्पितकम्रकपोलकः ।
प्रियतया सुरजोभिरलंकृतः, स ससुखं विचचार महामनाः ॥६४॥

शिवाअन्वयः— विलुलितालि कुलालक भूषितः कवल कल्पित कम्र कपोलकः प्रियतया सुरजोभिः अलंकृतः स महामनाः ससुखम् विचचार ।

भावार्थः—मँडराते हुए भ्रमर समूहों के समान सुन्दर घघाँरली अलकावली से सुशोभित तथा अपने मुख में लिये हुए सुन्दर दही-भात के ग्रास से कुछ उमड़े हुए कपोल से सलोना लगता हुआ भारत-भूमि की के कारण सुन्दर धूलि से धूसरित व मनस्वी बालक अब सुखपूर्वक घुटनों के बल चलने लगा।

अतिमनोहरधूलिकरं वहन्, स्वशिरसावयवैश्च सुकोमलैः।
विहितभारतभाग्यविभूषणश्चरणचारमथारभतार्भकः ॥६५॥

शिवा-अन्वयः—अथ विहितभारतभाग्यविभूषणः अर्भकः स्वशिरसा च सुकोमलैः अवयवैः अतिमनोहरधूलिकरम् वहन् चरणचारम् आरभत।

भावार्थः—इसके अनन्तर भारत के भाग्य को विभूषित करने वाले बालक चन्द्रशेखर ने अपने शिर तथा सुकुमार अंगों से अत्यन्त मनोहर धूलि कणों को धारण करते हुए चरणोंसे चलना आरम्भ कर दिया।

अथास्य चूडाकरणं श्रुतिज्ञान् विप्रान समाहूय महामनस्वी।
अचीकरत् वैदिकमन्त्रघोषपुरःसरं धर्मविदां वरेण्यः ॥६६॥

शिवा-अन्वयः—अथ धर्मविदाम् वरेण्यः महामनस्वी (श्रीसीताराम त्रिपाठी) श्रुतिज्ञान् विप्रान् समाहूय वैदिकमन्त्रघोषपुरःसरम् अस्य चूडाकरणम् अचीकरत्।

भावार्थः—इसके अनन्तर धर्मज्ञों में श्रेष्ठ महान मनस्वी श्री सीताराम त्रिपाठी ने वेदज्ञ ब्राह्मणों को बुलाकर वैदिक मन्त्रवाचन पूर्वक बालक चन्द्रशेखर का चूड़ाकरण संस्कार कराया।

स बालरूपोऽप्यति बालतेजाः सुसाहसी सद्म पराक्रमस्य।
रेमे शिशून् क्रान्ति विधानयोग्यान् कुर्वन्निवानेकविचेष्टितैश्च ॥६७॥

शिवा-अन्वयः—सः बालरूपः अपि अतिबालतेजाः सुसाहसी पराक्रमस्य सद्म अनेकविचिष्टितैः शिशून क्रान्तिविधान् योग्यान् कुर्वन् इव रेमे।

भावार्थः—वे चन्द्रशेखर बालक होने पर भी अन्य बालकों की अपेक्षा अत्यधिक तेजस्वी थे। उनमें कुरीतियों का दमन करने के लिए अलौकिक साहस था वे पराक्रम के तो भाण्डागार ही थे। अब अपनी बाल क्रीड़ा के क्रम में अपनी अनेक क्रान्तिकारी चेष्टाओं से अन्य मित्र बालकों को मानो क्रान्ति विधान के योग्य बनाते हुए बालोचित खेल-खेलने लगे।

तथाविधशूरसिंहशावलीलया स क्रीडयन्नर्भकसंग्रहलीलः।
सुकूर्दनैश्चञ्चलचीक्षणैश्च स्वधावनैस्तान् चकितीकरोति ॥६८॥

शिवा-अन्वयः—अर्भकसिंहशावलीलः स तथाविधान् शिशूनाम् अधिपत्यम् इत्वा क्रीडयति सुकूर्दनैः चञ्चलचीक्षणैः स्वधावनैः च तान् चकितीकरोति।

भावार्थः—बालसिंह जैसे चेष्टा वाले वे चन्द्रशेखर कहीं-कहीं समस्त बालकों के अधिपति अर्थात् नेता बनकर उन्हें अनेक प्रकार से खेल खेलना सिखाते हैं। अपनी ऊँची कूद, चञ्चल चितवन तथा द्रुत गति से धावन अर्थात् तेज दौड़ आदि लाघवपूर्ण क्रीड़ाओं से वे सभी बालकों को चकित कर देते हैं।

प्रारम्भतस्तस्य निरीक्ष्य बालाः स्वातन्त्र्यनिष्ठां भयशून्यताञ्च।
क्रीडास्वपि क्रान्तिमसद्विचारैर्नेतारमेनं हृदयेन भेजुः ॥६९॥

शिवा-अन्वयः—बालाः प्रारम्भत तस्य स्वातन्त्र्य निष्ठाम् च भयशून्यताम् क्रीडासु अपि असद् विचारैः क्रान्तिम् निरीक्ष्य हृदयेन एनम् नेतारम् भेजुः।

भावार्थः—प्रारम्भ से ही बालकों ने चन्द्रशेखर की स्वतन्त्रता के प्रति निष्ठा, निर्भीकता तथा बालकों के खेलों में भी बुरे विचार वाले अर्थात् खेल में झूठ बोलकर रुगदासी (बेईमानी) करने वाले बालकों के साथ क्रान्ति देखकर इन्हीं बालक चन्द्रशेखर को हृदय से अपना नेता मान लिया।

नेता शिशूनां द्विषतां विनेता, सत्क्रान्तिवेत्ता च सतामभेत्ता।
छेत्ता रिपूणां शशिशेखरोऽसौ, बभौ यथा बालरविः प्रभाते ॥७०॥

शिवा-अन्वयः—शिशूनाम् नेता द्विषताम् विनेता च सत्क्रान्ति वेत्ता सताम् अभेत्ता रिपूणाम् छेत्ता असौ शशिशेखरः प्रभाते बालरविः यथा बभौ।

भावार्थः—बालकों के नेता शत्रुओं को दण्ड देने वाले क्रान्ति पद्धति के श्रेष्ठ ज्ञाता एवं सज्जनों के पालक, शत्रुओं को छिन्न भिन्न करने वाले वे चन्द्रशेखर प्रभात काल में बाल-सूर्य के समान सुशोभित हुए अर्थात् जैसे प्रातःकाल में भगवान् सूर्य बालरूप यानी अल्पकिरणों से लघु आकार से युक्त होकर अपने वर्धिष्णु तेज से शोभित होते हैं उसी प्रकार बालक चन्द्रशेखर अपने जीवन के प्रभातरूप बाल्यकाल में ही उत्कृष्ट तेज से सुशोभित हो रहे थे।

कदाचिदालोक्य शिवप्रताप विचित्रचित्राणि विलम्बितानि ।
स तत्क्षणं वीररसाब्धि मध्येप्रफुल्लरोमा निममज्ज धीरः ॥७१॥

शिवा-अन्वयः—कदाचित् सः अवलम्बितानि शिवप्रतापविचित्र चित्राणि आलोक्य तत्क्षणम् प्रफुल्लगात्रः धीरः वीररसाब्धिमध्ये निममज्ज ।

भावार्थः—किसी समय वीर बालक चन्द्रशेखर ने अपने घर में टंगे हुए छत्रपति शिवाजी एवं महाराणा प्रताप के वीरोचित परिवेश में बने हुए विचित्र चित्रों को निहारा । उसी समय उनका शरीर रोमांचपूर्ण हो गया और वे वीररस महासागर के मध्य गोते लगाने लगे ।

स वीरभावोद्धतभीमवीचिर्झाङ्कारसंच्छोभित दिग्विभागः ।
यथा पयोधिः पुलकाङ्गयष्टिः पुनः पुनर्घोरखंजगर्ज ॥७२॥

शिवा-अन्वयः—सः पुलकाङ्गयष्टिः वीरभावोद्धतभीमवीचिः झाङ्कारसंशोभित दिग विभागः पयोधिः यथा पुनः पुनः घोररवं जगर्ज ।

भावार्थः—तत्क्षण बालक चन्द्रशेखर का यष्टिका के समान दुबला-पतला शरीर पुलकित हो उठा एवं वीर भाव रूप उद्धत लहरों वाले तथा अपनी झंङ्कार से समस्त दिग् विभागों को चलायमान करने वाले विशाल सागर की भाँति वे बार-बार घोर गर्जना करने लगे ।

संस्मृत्य तत् त्यागमदम्यवीर्यं, द्विषद्विरोधं निजधर्मनिष्ठाम् ।
क्रोधप्रभामासुरपङ्कजास्यः, सुप्तो यथा वीररसः प्रबुद्धः ॥७३॥

शिवा-अन्वय—तत्यागम् अदम्यवीर्यम् द्विषद्विरोधम् निजधर्म निष्ठाम् संस्मृत्य सुप्तः वीररसः प्रबुद्धः यथा क्रोधप्रभाभासुरपंकजास्यः आसीत् ।

भावार्थः—छत्रपति शिवाजी एवं महाराणा प्रताप के अपूर्व त्याग, अदमनीय पराक्रम, शत्रुओं के साथ प्रबल विरोध तथा अपनी सनातन धर्म के प्रति निष्ठा को स्मरण कर चन्द्रशेखर ऐसे लग रहे थे मानो साक्षात् वीर रस ही सोकर जगा हो। उनका कमलवत् मुख क्रोध की प्रभा से कान्तिमान् हो उठा था ।

सस्पन्दगात्रस्तरुणप्रतापप्रभाकराभस्फुरिताधरोष्ठः ।
सुरक्तनेत्रो भ्रूकुटीकरालो, गजान् निरीक्ष्योद्धत् केसरीव ॥७४॥

शिवा-अन्वयः—सः सस्पन्दगात्रः तरुणप्रतापप्रभा करामः स्फुरिता धरोष्ठः सुरक्त नेत्रः भ्रूकुटीकरालः गजान् निरीक्ष्य उद्धतकेसरी इव बभूव इति शेषः ।

भावार्थ—बालसूर्य के समान तरुणप्रताप से युक्त बालक चन्द्रशेखर के शरीर में कंपन होने लगा और ओष्ठ स्फुरित हो लगे तथा नेत्र लाल हो गये । चढ़ी हुई भ्रूकुटि के कारण बालक का मुखमण्डल कराल हो गया । हाथियों को निहारकर उद्धत हुए सिंह के समान चन्द्रशेखर शत्रुओं के नाश के लिए उत्सुक हो उठे ।

आभुग्ननासाभ्रुनिबद्धमुष्टिः, संदश्य दद्भिः स्फुरिताधरोष्ठम् ।
तौ भक्तिभावाच्छिरसा प्रणम्य, प्रतिश्रुतोऽरातिबधे तदाभूत् ॥७५॥

शिवा-अन्वयः—सः चन्द्रशेखरः आभुग्ननासाभ्रुनिबद्धमुष्टिः स्फुरिताधरोष्ठम् दद्भिः संदश्य तौ (शिवप्रतापौ) भक्तिभावात् शिरसाप्रणम्य तदा अरातिबधे प्रतिश्रुतः अभूत् ।

भावार्थः—बालक चन्द्रशेखर की नासिका और भौहें चढ़ गयी एवं उन्होंने मुष्टिका बाँध ली तथा अपने दाँतो से कंपित अधरोष्ठों को चबाकर भक्तिभाव से शिवाजी एवं महाराणा प्रताप को शिर से प्रणाम करके शत्रुओं के बध की प्रतिज्ञा करली ।

ततः स्वदेशोत्कटदैन्य दास्य स्मृति प्रदीप्तोद्धत कोपवह्निः ।
तयोः पुरस्तादतिविग्नचित्तश्चकार वीरः कठिनां प्रतिज्ञाम् ॥७६

शिवा-अन्वयः—ततः स्वदेशोत्कटदैन्यदास्यस्मृतिप्रदीप्तोद्धत कोपवह्निः अतिविग्नचित्तः वीरः तयोः पुरस्तात् कठिनाम् प्रतिज्ञाम् चकार ।

भावार्थ - इसके अनन्तर अपने देश की दारुण दीनता तथा परतन्त्रता के स्मरण से बालक चन्द्रशेखर का क्रोधानल और उद्धत हो गया, तथा उस वीर शिशु ने महाराणा प्रताप एवं शिवाजी के समक्ष कठिन प्रतिज्ञा की ।

प्रताप ! मातप्य महोग्रतापम्, मा खिद्यतां खिन्नमनाः शिवोऽपि ।
को नाम तापः प्रथितप्रतापे, देशेऽशिवं कुत्र शिवाधिरूढ़े ॥७७॥

शिवा-अन्वयः—हे प्रताप ! महोग्रतापम् मातप्य अपि खिन्नमनाः शिवः मा खिद्यताम् प्रतापे प्रथिते देशे को नाम तापः शिवाधिरूढ़े देशे कुत्र अशिवम् ।

भावार्थः—हे महाराणा प्रताप आप शोक संतप्त न हों और हे छत्रपति शिवाजी आप खिन्न मन से खेद का अनुभव न करें । भला जिस

देश में महाराणा प्रताप हों वहाँ ताप कैसा ? एवं जहाँ शिवा जैसे छत्रपति की छत्रछाया हो वहाँ अशिव अर्थात् अकल्याण कैसा ?

युवां स्वदेशाय समस्तसौख्यं, त्यक्त्वा स्वधर्मं ध्वजमाश्रयन्तौ ।
आजीवनं बाहुबलानलोद्यत्, संग्राम भाष्ट्रं यवनानभाष्टम् ॥७८॥

शिवा-अन्वयः—युवाम् आजीवनम् स्वदेशाय समस्तसौख्यम् त्यक्त्वा स्वधर्मध्वजम् आश्रयन्तौ बाहुबलानलोद्यत् संग्रामभाष्ट्रंयवनान् अभाष्टम् ।

भावार्थः—आप दोनों अपने देश के कल्याण के लिए समस्त सुखों को त्यागकर जीवन पर्यन्त अपने भुजबल से प्रगट किये हुए युद्ध रूप भाड़ में शत्रुओं को भूनते रहे ।

टिप्पणी—बाहुबलं एव अनलः बाहुबलानलः तेन उद्यन् यः संग्रामः तदेव भाष्ट्रम् तस्मिन् ।

अहो स्वदेशीयदुरात्मवृत्तैः, प्रतारिताभ्यां विपदादिताभ्याम् ।
नाङ्गीकृतं वैरिकुलस्य दास्यं, त्यक्तःस्वदेहो बलिवेदिकायाम् ॥७९॥

शिवा-अन्वयः—अहो स्वदेशीय दुरात्मवृत्तैः प्रतारिताभ्याम् विपदा अर्दिताभ्याम्-युवाभ्याम् वैरिकुलस्य दास्यम् न अंगीकृतम् बलिवेदिकायाम् स्वदेहः त्यक्तः ।

भावार्थः—आश्चर्य है कि अपने ही देश के कुछ दुष्टों द्वारा बार-बार ठगे जाने पर भी निरन्तर विपत्तियों से पीड़ित होने पर भी आप लोगों द्वारा शत्रुओं की पराधीनता नहीं स्वीकारी गई। प्रत्युत अपना शरीर ही बलिवेदिका पर चढ़ा दिया गया ।

स्वराज्यहेतोस्तृणवद् विसृज्य, दारान् गृहञ्चंक्रमितं वनेषु ।
कदापि नो निक्षिपतः स्म धैर्यं, तथापि देशे न भवत् कृतज्ञाः ॥८०॥

शिवा-अन्वयः—स्वराज्यहेतो दारान् गृहम् तृणवत् विसृज्य वनेषु चंक्रमिनम् कदापि धैर्यम् न निक्षिपतः स्म तथापि देशे भवत् कृतज्ञाः न ।

भावार्थः—आप लोग स्वराज्य के लिये पत्नी घर आदि सांसारिक सुखों को तृणवत् छोड़कर वन-वन भटकते रहे, कभी भी धैर्य नहीं छोड़ा । इतने पर भी इस लोक के प्राणी आपके कृतज्ञ नहीं हैं ।

आश्वस्तचित्तौ भवतां भवन्तौ शीघ्रं कवोष्णैरिपुरक्ततोयैः ।
तैः सम्प्रदास्यामि तिलाञ्जलिं वामेषा प्रतिज्ञा शशिशेखरस्य ॥८१॥

शिवा-अन्वयः—भवन्तौ आश्वस्तचित्तौ भवताम् कवोष्णैः रिपुरक्ततोयैः तैः शीघ्रम् वाम् तिलाञ्जलिम् सम्प्रदास्यामि शशिशेखरस्य एषा प्रतिज्ञा ।

भावार्थः—हे महाराणा प्रताप ! हे छत्रपति शिवाजी! आप दोनों स्वस्थ चित्त रहें मैं अति शीघ्र ही शत्रुओं के गर्म-गर्म रक्त रूप जल से आप दोनों तिलाञ्जलि दूँगा चन्द्रशेखर की यही प्रतिज्ञा है ।

यावन्न गौराङ्ग कुनीतिभीतिं भीतामिमां भारतवर्षभूमिम् ।
मुक्तां विधास्ये परतन्त्रतातस्तावन्न वास्यामि सुखं न शान्तिम् ॥८२

शिवा-अन्वयः—गौराङ्ग कुनीतिभीतिभीताम् इमाम् भारतवर्ष भूमिम् परतन्त्रतातः यावत् न मुक्ताम् विधास्येतावत् न सुखम् न शान्तिम् यास्यामि ।

भावार्थः—जब तक अंग्रेजों की कुनीति के त्रास से भयभीत इस भारत-भूमि को परतन्त्रता से मुक्त न कर लूंगा तब तक न शान्ति और न सुख प्राप्त करूंगा ।

इत्थं प्रतिज्ञाय दृढ़प्रतिज्ञो बालः, स बालार्कसमप्रतापः ।
प्रेम्णा परिष्वज्य तदीयचित्रे, सनीरनेत्रः प्रणनाम भूयः ॥८३॥

शिवा-अन्वयः—इत्थम् बालार्क समप्रतापः दृढ़ प्रतिज्ञः सबालः प्रतिज्ञाय तदीयचित्रे प्रेम्णा परिष्वज्य भूयः सनीरनेत्रः प्रणनाम ।

भावार्थः—बाल सूर्य के समान प्रतापपुंज प्रतिज्ञा में दृढ़ रहने वाले बालक चन्द्रशेखर ने इस प्रकार प्रतिज्ञा करके महाराणा प्रताप एवं शिवाजी के चित्रपटों को प्रेम से हृदय से लगाकर अश्रुपूरित नेत्रों से पुनः-पुनः भक्ति पूर्वक प्रणाम किया ।

तदा प्रभृत्यस्य महाभुजस्य चित्तं निवृत्तं जगतोविलासात् ।
स्वतन्त्रताप्राप्तिनिमित्तभूतयत्नान्, सदा सस्पृहमन्वपश्यत् ॥८४॥

शिवा-अन्वयः—तदा प्रभृति अस्य महाभुजस्य चित्तम् जगतीविलासात् निवृत्तम् सदा सस्पृहम् स्वतंत्रताप्राप्तिनिमित्तभूतयत्नान् अन्वपश्यत् ।

भावार्थ—उस समय से ही उस महाबाहु बालक चन्द्रशेखर का चित्त संसार के सुख से निवृत्त हो गया । अब तो वे निरन्तर स्पृहा पूर्वक स्वतन्त्रता प्राप्ति में सहायक बनने वाले उपायों के ही सम्बन्ध में सोचने लगे ।

एवं पितृभ्यां परिपाल्यमानः, समुद्वहन् मानसुखं शिशूनाम् ।
विचिन्तयन् देशहितं सदैव, स शैशवं स्नेहमयं निनाय ॥८५॥

शिवा-अन्वयः—एवम् सः (चन्द्रशेखरः) पितृभ्याम् परिपाल्यमानः शिशूनाम् मानसुखम् समुद्वहन् सदैव देशहितम् विचिन्तयन् शैशवम् स्नेहमयम् निनाय ।

भावार्थः—इस प्रकार अपने माता-पिता के द्वारा लाड़-प्यार में पाले जाते हुए—बालकों के सम्मान, सुख को स्वीकार करते हुए, निरन्तर देशहित के चिन्तन में तत्पर रहकर बालक चन्द्रशेखर ने अपना स्नेहपूर्ण बाल्यकाल बिता दिया ।

अथोपवीतक्रियया द्विजेन्द्रः, सुसंस्कृतम् संस्कृतवान् कुमारम् ।
विचित्रमौञ्जी सुपलाशशाली, परीक्षितं स्वर्णमिवाबभौ सः ॥८६॥

शिवा-अन्वयः—अथ द्विजेन्द्रः (सीताराम त्रिपाठी) सुसंस्कृतम् कुमारम् उपवीतक्रियया संस्कृतवान् विचित्रमौञ्जी सुपलाशशाली सः (बाल चन्द्रशेखरः) स्वर्णम् इव आबभौ ।

भावार्थः—शैशव अर्थात् पाँच वर्ष पश्चात् ब्राह्मणश्रेष्ठ श्री सीताराम त्रिपाठी ने प्राक्तन संस्कारों से सम्पन्न बालक चन्द्रशेखर को वेदविहित उपनयन क्रिया से संस्कृत अर्थात् ब्राह्मणोचित संस्कार से सम्पन्न किया । सुन्दर मौंजी मेखला तथा पलाश दंड से युक्तबालक चन्द्रशेखर अग्नि में परीक्षित (तपाये हुए) सुवर्ण की भाँति सुशोभितहोने लगे ।

लिपिं यथावत् सुरनागरीं तमशिक्षयन् वै गुरवो गरिष्ठाः ।
प्रारंभिकीस्वल्पदिनैरनेन, शिक्षा गृहीता सुविचक्षणेन ॥८७॥

शिवा-अन्वयः—गरिष्ठाः गुरवः तम् सुरनागरीम् लिपिम् यथावत् अशिक्षयन् अनेन सुविचक्षणेन स्वल्पदिनैः प्रारम्भिकी शिक्षा गृहीता ।

भावार्थः—श्रेष्ठ गुरुओं ने बालक चन्द्रशेखर को यथावत् देवनागरी लिपि का ज्ञान कराया । इस व्युत्पन्न बालक ने बहुत थोड़े दिनों में प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त कर ली ।

अनन्तरं दैववशादकालात्, संत्रास्यमानौ द्विजदम्पती तौ ।
ससन्ततौ जग्मतुरुन्मनस्कौ, स्वजीविकार्थं नितरां विषण्णौ ॥८८॥

शिवा-अन्वयः—अनन्तरम् दैववशात् अकालात् संत्रास्यमानौ तौ द्विजदम्पती उन्मनस्कौ नितराम् विषण्णौ स सन्ततौ जग्मतुः बदरकाग्रामात् निष्क्रान्तौ ।

भावार्थ—इसके अनन्तर दैवयोग से आये हुए दुष्काल से भयभीत उद्विग्न अत्यन्त दुखी होकर वे ब्राह्मण दम्पति अपने पुत्रों के साथ जीवका अर्जन हेतु बदरका ग्राम से चले गये ।

धिगेतद् द्रविणप्रधानं सीदन्ति यस्मिन् सुजना दरिद्राः ।
काकाः कक्षन्त्यर्पितभूरिमुक्ताः क्षीरं विना हा म्रियते मरालः ॥८९॥

शिवा-अन्वयः—द्रविणप्रधानम् एतद् धिगधिक् यस्मिन् सुजनाः दरिद्राः सीदन्ति हा अर्पितभूरिमुक्ताः काकाः कक्षन्ति क्षीरं विना मरालः म्रियते ।

भावार्थ—धिक्कार है इस युग को जिसमें धन की ही प्रधानता है जिसमें सज्जन लोग दरिद्र बनकर दुःख पाते हैं, क्लेश है सुन्दर मोतियों को पाकर कौवे हँसते हैं तथा बेचारा राजहंस दूध के बिना तड़प कर मर जाता है ।

झांस्यञ्चलस्थे शुचि भावराख्ये, ग्रामे सदा सस्यजनाभिरामे ।
आगत्य विप्रः सह दारपुत्रस्तत्र स्वकीयां वसतीं व्यधत्त ॥९०॥

शिवा-अन्वयः—झांस्यञ्चलस्थे सदा सस्यजनाभिरामे शुचिभावराख्ये तत्र ग्रामे आगत्य सहदारपुत्रः विप्रः स्वकीयाम् वसतीं व्यधत्त ।

भावार्थ—सुन्दर फसल एवं जनता से सुशोभित झाँसी अंचल में स्थित पवित्र भावरा नामक ग्राम में आकर पुत्र पत्नी के साथ सीताराम त्रिपाठी ने अपनी कुटिया बनायी ।

यत्रत्य नारीजनजन्यजन्य स्फुरत्कृपाणोद्धतवन्यवह्नौ ।
दन्दह्यमानास्तृणवत् सपत्नाः सख्यं ययुर्भूतपतेर्विभूतेः ॥९१॥

शिवा-अन्वयः—यत्रत्य नारीजनजन्यजन्य स्फुरत्कृपाणोद्धतवन्य वह्नौ, तृणवत् दन्दह्यमाना सपत्नाः भूतपते विभूतेः सख्यं ययुः ।

भावार्थ—जिस झाँसी की नारीजनो के संग्राम में चमकती हुई कटारों से निकले दावानल में सूखे तृणों की भांति जलते हुए अंग्रेज शत्रु भूतपति भगवान् शंकर की भस्म का सख्य प्राप्त कर लिया अर्थात् स्वयं भस्म हो गये ।

यत्रत्य लोकैः परिगीयमानाः झाँसीश्वरी मण्डित युद्धलक्ष्मीः ।
अद्यापि लक्ष्मी हृदि कातराणामोजस्विभावं प्रगुणी करोति ॥९२॥

शिवा-अन्वयः—यत्रत्यलोकैः परिगीयमाना मण्डित युद्धलक्ष्मी

झाँसीश्वरी लक्ष्मीः अद्यापि कातराणाम् हृदि ओजस्विभावम् प्रगुणीकरोति ।

भावार्थ—जिस झाँसी के लोगों द्वारा प्रेम से गाई जाती हुई (बुन्देलों हर बोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी। खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी ।।) युद्ध की शोभा को सुशोभित करने वाली झाँसी की महारानी लक्ष्मीबाई आज भी संग्राम भीरु कायरों के हृदय में स्मरण मात्र से ओजस्विता को बढ़ा रही है ।

यत्रत्य योषा रिपुरक्त पानसङ्कल्प सङ्कल्पित चित्तवृत्तिः ।
दुर्गोपमा प्रोज्झितसौकुमार्या रेजे कृपाणि स्वसखीं विधाय ॥९३॥

शिवा-अन्वयः—यत्रत्य योषा रिपुरक्तपानसंकल्पसंकल्पितचित्तवृत्ति दुर्गोपमा प्रोज्झितसौकुमार्या कृपाणिम् स्वसखी विधाय रेजे ।

भावार्थ—जहाँ की महिला रत्न महारानी लक्ष्मीबाई दृढ संकल्प लिए हुये भगवती दुर्गा के समान अपने नारीजनोचित सौकुमार्य को छोड़ कर कटारी को ही अपनी सखी बनाकर सुशोभित हुई थीं ।

तत्रैव कृत्वा किल भृत्यकार्यं स्वल्पेन विप्रो निजवेतनेन ।
अपीपलत् स्वीयसुतान् स भार्यान् कर्तव्यनिष्ठः स कथं कथञ्चित् ॥९४॥

शिवा-अन्वयः—कर्तव्यनिष्ठः विप्रः तत्रैव भृत्यकार्यम् कृत्वा स्वल्पेन निजवेतनेन सभार्यान् स्वीयसुतान् कथम् कथञ्चित् अपीपलत् ।

भावार्थ—उसी भावरा नामक गाँव में एक सामान्य नौकरी करके कर्तव्यनिष्ठ ब्राह्मण सीताराम त्रिपाठी ने अपने अत्यन्त अल्प वेतन से येन केन प्रकारेण अपनी पत्नी जगरानी के सहित अपने पुत्रों का भी पालन किया ।

एवं यथा लब्धधनेन विप्रः सर्वान् सुखं पोषयति स्म तुष्टः ।
कुटीरमप्येन्द्रगृहायमाणं मत्वा मुकुन्दाङ्घ्रिसरोजभृङ्गः ॥९५॥

शिवा-अन्वयः—मुकुन्दाङ्घ्रिसरोजभृङ्गः विप्रः कुटीरम् अपि ऐन्द्रगृहायमाणम् मत्वा तुष्टः यथालब्धधनेन एवम् सर्वान् सुखम् पोषयति स्म ।

भावार्थ—इस प्रकार भव-बन्धन से मुक्ति देने वाले भगवान् मुकुन्द श्रीराघवेन्द्र के श्रीचरण कमल के भ्रमर वे सीताराम त्रिपाठी अपनी कुटी को भी इन्द्र भवन मानकर परम सन्तुष्ट हुए तथा सहजता से प्राप्त

शुद्ध धन से सम्पूर्ण परिवार का सुखपूर्वक पालन-पोषण करने लग ।

अहो विधातर्भवता कृतोऽयं क्रियान्निरीहो ह्यधनस्वभावः ।
ये केवलं तोयमुपेत्य सायं हत्वा बुभुक्षां सुखिनः स्वपन्ति ॥९६॥

शिवा-अन्वय—अहो विधातः भवताअयम् हित अधनस्वभावः क्रियान्निरीहः कृतः ये सायम् केवलम् तोयम् उपेत्य बुभुक्षाम् हत्वा सुखिनः स्वपन्ति ।

भावार्थ—अरे विधाता आपने धनहीन व्यक्ति का स्वभाव कितना निरीह बना दिया, जो दरिद्र लोग शाम को दिन भर में एक बार मात्र जल पीकर अपनी भूख को मारकर सुखपूर्वक सो जाते हैं ।

हा धिग् ! जघन्यां जगतीव्यवस्थां वैषम्यपूर्णां कलितातिकष्टाम् ।
क्वचित्सदुग्धोदनभुक्खरोऽसौ क्रन्दन्ति बालाः पयसे क्वचिच्च ॥९७॥

शिवा-अन्वयः—हा वैषम्यपूर्णाम् कलितातिकष्टाम् जघन्याम् जगतीव्यवस्थाम् धिक् क्वचित् असौ खरः सदुग्धोदनभुक् च क्वचित् बालाः पयसे क्रन्दन्ति ।

भावार्थ—हाय नाना दुःखों से भरी हुई विषमता पूर्ण अत्यन्त नीच इस पृथ्वी लोक की व्यवस्था को धिक्कार है । कहीं पर तो गधे को दूध-भात मिल रहा है और कहीं बच्चे दूध के लिए तरस रहे हैं ।

एकत्र भृत्यैः परिसेव्यमानाः सुभोजनाः कौसुमतल्पभाजः ।
हर्म्येषु सौरेन्द्रगृहोपमेषु सानन्दचित्ता धनिका रमन्ते ॥९८॥

शिवा-अन्वयः—एकत्र भृत्यैः परिसेव्यमानाः सुभोजनाः कौसुमतल्पभाजः सौरेन्द्रगृहोपमेषु हर्म्येषु सानन्दचित्ता धनिकाः रमन्ते ।

भावार्थ—एक ओर अनेक नौकर चाकरों से सेवित होते हुए सुन्दर भोजन तथा पुष्पों के पलंग पर बैठे हुए इन्द्र के भवन जैसे अपने सुन्दर महल में धनिक लोग आनन्द पूर्वक रमण करर हे हैं ।

अन्यत्र वर्षोदकपर्णधाम्नि, प्रकम्पितास्तीव्रसमीरवेगात् ।
कूर्मायमाणाः कृतदन्तशब्दाः सीदन्ति बालाः अपि शीतरात्रौ ॥९९॥

शिवा-अन्वयः—अन्यत्र शीतरात्रौ वर्षोदकपर्णधाम्नि तीव्रसमीरवेगात् प्रकम्पिताः कूर्मायमाणाः कृतदन्तशब्दाः बालाः अपि सीदन्ति ।

भावार्थ—दूसरी ओर जिसमें वर्षाकाल की प्रत्येक जल की बूँद

गिरते गिरते भर जाती है ऐसी घास फूस से बनी हुई झोंपड़ी में कठोर वायु के वेग से अत्यन्त काँपते हुए सर्दी के कारण दाँत कटकटाते हुए छोटे-छोटे बालक भी कराल शीत लहर की चपेट में आकर अपने प्राण त्याग देते हैं।

क्षुत्क्षामकण्ठोऽबलगात्रयष्टिस्तृषा समाशोषितपल्लवौष्ठः।
विमान्यमानो जगतीजनेन कथं दरिद्रो विहितो विधात्रा ॥१००॥

शिवा-अन्वयः—क्षुत्क्षामकण्ठः अबलगात्रयष्टिः तृषासमाशोषित-पल्लवोष्ठः जगतीजनेन विमान्यमानः दरिद्रः विधात्रा कथम् विहितः।

भावार्थ—जिसका कण्ठ भूख से सूख गया है एवं शरीर निर्बल तथा यष्टिका के समान दुर्बल हो चुका है प्यास से जिसका पल्लव सदृश ओंठ सूख गया है ऐसा संसार के लोगों द्वारा अपमानित किया जाता हुआ यह दरिद्र विधाता के द्वारा क्यों बनाया गया।

तथापि धन्यास्ति दरिद्रतेऽयं या सर्वदा द्रव्यमदाद्विमुक्ता।
स्वप्नेऽपि यां सर्पवधूः प्रतिष्ठा दंष्टुं स्वकीयैर्दशनैर्नशेके ॥१०१॥

शिवा-अन्वयः—तथापि इयम् दरिद्रता धन्या अस्ति या सर्वदा द्रव्यमदाद् विमुक्ता स्वप्नेऽपि यां प्रतिष्ठासर्पवधूः स्वकीयैः दशनैः दंष्टुम् न शेके।

भावार्थ—फिर भी यह दरिद्रता धन्य है जो निरन्तर धन के मद से दूर रहती है। जिसको स्वप्न में भी प्रतिष्ठारूपिणी सर्पिन दाँतों से न डस सकी।

दरिद्रते त्वं बहुलाभपूर्णा,
मुधैव मूढा भवतीं क्षिपन्ति।
यस्यां जनास्त्यक्तसमस्ततृष्णाः,
प्रेम्णा मुकुन्दाङ्घ्रि युगं स्मरन्ति ॥१०२॥

शिवा-अन्वयः—हे दरिद्रते त्वं बहुलाभपूर्णा। मूढाः एव मुधा भवतीम् क्षियन्ति यस्याम् (त्वयि) जनाः त्यक्त समस्ततृष्णाः प्रेम्णा मुकुन्दा ङ्घ्रियुगम् स्मरन्ति।

भावार्थ—हे दरिद्रते! तुम अनन्त लाभों से पूर्ण हो। मूढ जन ही आपकी व्यर्थ निन्दा करते हैं। जिस दरिद्रता के आने पर लोग समस्त तृष्णायें छोड़कर प्रेमपूर्वक भगवान् मुकुन्द के श्रीयुगल चरणकमल का

स्मरण करते हैं वह कैसे निन्दित हो सकती हैं।

पाद टिप्पणी—मुकुन्दाङ्घ्रियुगं मुः मुक्तिः कुः पृथ्वी पर्याय-वाचित्वात् भुक्तिः मुश्च कुश्च इति मुकू ते ददाति यति वा इति मुकुन्दः अथवा मोचनं कर्मबन्धनात् इति मुकं मान्तमव्ययम् तं यति वा इति मुकुन्दः अथवा मोः मुक्ते कुः पृथ्वी आधारभूता तां मोक्षाधारभूतां मुकुम् भक्तिं ददाति इति मुकुन्दः अथवा मुः मुखं तस्मिन् कुन्दा इव दन्ता अस्य स मुकुन्दः तस्य अंघ्र्योः चरणयोः युगं द्वयम् इति मुकुन्दाङ्घ्रियुगम्।

इत्थं विचिन्त्योज्झितदैन्यशोकः, पुष्णन् कुटुम्बं निजधर्मवृत्त्या।
सुतेन चित्ते शशिशेखरेण, तुतोष चन्द्रेण यथा चकोरः ॥१०३॥

शिवा-अन्वयः—इत्थम् विचिन्त्य उज्झितदैन्यशोकः (सीताराम त्रिपाठी) निजधर्मवृत्त्या कुटुम्बम् पुष्णन् चन्द्रेण चकोरः यथा शशि-शेखरेण सुतेन चित्ते तुतोष।

भावार्थ—इस प्रकार विचारकर दैन्य एवं शोक को छोड़कर अपनी धार्मिक जीविका से कुटुम्ब का पालन करते हुए पुत्र चन्द्रशेखर से उसी प्रकार प्रसन्न हुए जैसे चन्द्रमा से चकोर सन्तुष्ट हो जाता है।

कदाचिदालोक्य निजं कुटुम्बं प्लुष्टं कुदारिद्र्यदवानलेन।
उग्राधिपत्यं खलदास्यदस्योरुद्विग्नचित्तः स बभूवबालः ॥१०४॥

शिवा-अन्वयः—कदाचित् स बालः कुदारिद्र्य दवानलेन प्लुष्टम् आलोक्य च खलदास्यदस्योः उग्राधिपत्यम् आलोक्य उद्विग्नचित्तः बभूव।

भावार्थ—किसी समय बालक चन्द्रशेखर ने दुष्ट दरिद्रता रूप दावाग्नि से अपने कुटुम्ब को झुलसा हुआ देखकर तथा अंग्रेज शासकों के दास्यरूप दस्यु अर्थात् लुटेरे का उग्र आधिपत्य देखकर मन में बहुत उद्विग्नता का अनुभव किया।

किं साम्प्रतं कार्यमिदं कुटुम्बं,
यथा चिरं स्याद् विपदो विमुक्तम्।
धिक्तं महीभारमिवाप्तदेहं,
यस्मिन् न जाते स्वजनः सुखी चेत् ॥१०५॥

शिवा-अन्वयः—साम्प्रतम् (मया किम् कार्यम्) यथा इदम् कुटुम्बम्

अचिरम् विपदा विमुक्तम् स्यात् यस्मिन् जाते स्वजनः न सुखी चेत्तम् महीभारम् इव आप्तदेहम् धिक् ।

भावार्थ—अब बालक चन्द्रशेखर मन में विचार करने लगे कि इस समय मुझे क्या करना चाहिए कि जिससे मेरा यह परिवार शीघ्र ही विपत्ति से छूट जाय जिस व्यक्ति के जन्म लेने से उसका परिवार सुखी नहीं हुआ, उस पृथ्वी के भारस्वरूप देहधारी मनुष्य को धिक्कार है।

अथार्थकार्श्यादतिविग्नचित्तः, सदा समृद्धां नगरीं मनोज्ञाम् ।
वेलोपगूढां पितुरिन्दिरायाः, अमूढधीर्मोहमयीं जगाम ॥१०६॥

शिवा-अन्वयः—अथ अर्थकार्श्यात् अतिविग्नचित्तः इन्दिरायाः पितुः वेलोपगूढाम् सदा समृद्धाम् मनोज्ञाम् मोहमयीम् नगरीम् अमूढधीः सन् जगाम ।

भावार्थ—इसके अनन्तर धनाभाव के कारण मन में अत्यन्त उद्विग्न होकर बालक चन्द्रशेखर इन्दिरा अर्थात् लक्ष्मी के पिता समुद्र की बेला (चौपाटी) सामुद्रिक स्थली से सुसज्जित सदैव धन-धान्य पूर्ण अत्यन्त सुन्दर मोहमयी याने मुम्बई नामक नगरी में मोहासक्त न होकर भी पारिवारिक संकट टालने के लिए गये।

पाद-टिप्पणी—इन्दिरायाः 'इन्दिरा लोकमाता मा क्षीरोदतनया रमा' इत्यमरः ।

तत्रैव वृत्तिं प्रविधाय कञ्चित्, नीत्वाथ कालं विषमां व्यवस्थाम् ।
निरीक्ष्य योगीव स मोहमय्यास्ततो न्यवर्तिष्ट निवृत्तमोहः ॥१०७॥

शिवा-अन्वयः—सः तत्रैव कांचित् वृत्तिम् प्रविधाय कञ्चित् कालम् नीत्वा अथ विषमाम् व्यवस्थाम् निरीक्ष्य योगी इव निवृत्तमोहः ततः मोहमय्याः न्यवर्तिष्ट ।

भावार्थ—वहाँ पर अति सामान्य सेवा करके कुछ काल बिताकर वहाँ की व्यवस्था में अंग्रेजों द्वारा किये गये श्वेत अश्वेतों के बीच भेद-भाव देखकर योगी की भाँति मोह से निवृत्त होकर बालक चन्द्रशेखर उस मोहमयी अर्थात् मुम्बई से लौट आये।

आनेतुकामः परतन्त्रदेशे, स्वतन्त्रतां क्रान्तिबलेन वीरः ।
स्वतन्त्रभाषामधिगन्तुमिच्छुर्गीर्वाणवाणीं सजगाम काशीम् ॥१०८॥

शिवा-अन्वयः—परतन्त्रदेशम् क्रान्तिबलेन स्वतन्त्रताम् आनेतुकामः सः वीरः स्वतन्त्रभाषां गीर्वाणवाणीम् अधिगन्तुम् इच्छन् काशीम् अगाम ।

भावार्थ—इस परतन्त्र भारत में क्रान्ति के बल से स्वतन्त्रता को लाने की कामना करते हुए वीर चन्द्रशेखर अपनी स्वतन्त्र भाषा देववाणी संस्कृत को अध्ययन करने की इच्छा करते हुए काशी चले गये।

स ज्ञानवापीसलिलाभिषेको विशुद्धबुद्धिर्धृतमौञ्जसूत्रः ।
सानन्दमानन्दवने गुरुभ्यः श्रीदेवभाषामपठन् मनस्वी ॥१०९॥

शिवा-अन्वयः—ज्ञानवापी सलिलाभिषेकविशुद्धबुद्धिः धृतमौञ्ज सूत्रः सः (चन्द्रशेखरः) मनस्वी आनन्दवने सानन्दम् गुरुभ्यः श्रीदेवभाषाम् अपठत् ।

भावार्थ—ज्ञानवापी के जलके अभिषेक से बालक चन्द्रशेखर की बुद्धि अत्यन्त शुद्ध हो गयी और उस मनस्वी विद्यार्थी ने आनन्दपूर्वक काशी में निवास करते हुए गुरुजन से देवभाषा संस्कृत बोलने के नियमों को जानना प्रारम्भ किया।

पाद-टिप्पणी—आनन्दवने काशी का ही आनन्दवन नाम है।

वाराणसेयान् बहुदेशभक्तान्, श्रुत्वा स्वदेशार्थसमुज्झितासून् ।
स्थातुं न शेकेऽचलचेतसाऽपि, समीरसंक्षुब्धपयोधिनेव ॥११०॥

शिवा-अन्वयः—वाराणसेयान् बहुदेशभक्तान् स्वदेशार्थं समुज्झितासून् श्रुत्वा अचलचेतसापि (चन्द्रशेखरेण) समीरसंक्षुब्धपयोधिना इव स्थातुम् न शेके ।

भावार्थ—वाराणसी के बहुतेरे देशभक्त भारतभूमि की रक्षा के लिये अपने प्राणों का बलिदान कर चुके थे। यह समाचार सुनकर बालक चन्द्रशेखर सुस्मिर चित वाले होकर भी उसी प्रकार शान्त स्थिति में नहीं रह सके जैसे तूफान के आने पर समुद्र अपने तटों को तोड़कर विकराल हो जाता है।

पाद टिप्पणी—बहुदेशभक्तान्-यहाँ बहु पटु इत्यादि प्रयोगों की भाँति 'विभाषा सुपः पुरस्तात् बहुच्' इस पाणिनीय सूत्र से कुत्सित अर्थ में बहुच् प्रत्यय नहीं है अपितु बहुवर्षसहस्र इत्यादि प्रयोगों की भाँति बहु शब्द सुबन्त होकर विशेषण है। बहवश्च ते देशभक्ताः इति बहुदेशभक्ताः-तान् बहुदेशभक्तान्।

स जाह्नवीपुण्यपयो निपीय,
ध्यात्वा गिरीशस्य च रौद्ररूपम् ।
उद्धर्तुमेतान् निजभारतीयान्,
क्रान्तिं विधातुं कृतवान् प्रतिज्ञाम् ॥१११॥

शिवा-अन्वय—सः जाह्नवीपुण्यपयः निपीय च गिरीशस्य रौद्ररूपम् ध्यात्वा एतान् भारतीयान् उद्धर्तुम् क्रान्तिम् विधातुम् प्रतिज्ञाम् कृतवान् ।

भावार्थ—विद्यार्थी चन्द्रशेखर ने श्री गङ्गा जी के पवित्र जल का आचमन करके भगवान् शंकर के उग्र रूप का ध्यान किया, तथा परतन्त्र भारतवासियों का उद्धार करने के लिए अंग्रेजों के साथ क्रान्ति करने की निश्चयपूर्वक प्रतिज्ञा करली ।

स त्यक्तशास्त्रीयसमस्तचर्चः, स्वातन्त्र्ययज्ञस्य वरेण्यहोता ।
त्रयोदशाब्दस्त्रिदशप्रताप आहूय बालान् हरिवज्जगर्ज ॥११२॥

शिवा-अन्वय—स :त्रयोदशाब्दः त्रिदशप्रतापः स्वातन्त्र्ययज्ञस्य वरेण्यहोता त्यक्तशास्त्रीयसमस्तचर्चः बालान् आहूय हरिवत् जगर्ज ।

भावार्थ—त्रयोदशवर्षीय बालक चन्द्रशेखर देवतुल्य प्रभाव सम्पन्न थे । वे स्वतन्त्रतारूप महायज्ञ के श्रेष्ठ होता थे । अब समस्त शास्त्रीय चर्चाओं को छोड़कर एक दिन सभी समवयस्क बालकों को बुलाकर उन्होंने सिंह से समान गर्जना की ।

क्लैब्यं त्यजन्त्वाशु समे सखायो भवन्तु राष्ट्राय समुद्यताश्च ।
धिक् जीवनं नो जननी यदीया हस्ते गता सीदति वैरिणां वै ॥११३॥

शिवा-अन्वय—समे सखायः आशु क्लैब्यम् त्यजन्तु च राष्ट्राय समुद्यिता भवन्तु नः जीवनम् धिक् वै यदीया जननी वैरिणाम् हस्ते गता सीदति ।

भावार्थ—वीर चन्द्रशेखर ने कहा हे मेरे मित्रो ! अब आप सब नपुंसकता छोड़ दो और राष्ट्र के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो जाओ । अरे ! हम लोगों के जीवन को निश्चित ही धिक्कार है कि जिनकी मातृतुल्य भारतमाता शत्रुओं के हाथ में पड़ी हुई दुःख उठा रही है ।

शत्रुद्विषो वह्निसमाः भवन्तु, क्रान्त्या समाक्रम्य विसृष्टशंकाः ।
गौराङ्गमत्तद्विपसिंहसत्वाः, कुर्वन्तु देशं सपदि स्वतन्त्रम् ॥११४॥

शिवा-अन्वय—गौराङ्गमत्तद्विपसिंहसत्वाः शत्रुद्विषः वह्निसमा भवन्तु विसृष्टशंकाः क्रान्त्या समाक्रम्य देशम् सपदि स्वतन्त्रं कुर्वन्तु ।

भावार्थ—चन्द्रशेखर ने उत्साहित करते हुए कहा—हे अंग्रेज रूप मत्त गजेन्द्रों को कुचलने के लिए सिंह के समान पराक्रमी वीर बालको ! आप लोग अग्नि के समान शत्रुओं को जलाने वाले बनें तथा किसी भी प्रकार की शंका न करके क्रान्ति से आक्रमण करके अति शीघ्र देश को स्वतन्त्र करें ।

इत्थं समुत्साह्य दुरन्तवीर्यो, बालान् समुत्पादितवीरभावान् ।
क्रान्त्या चिराच्छत्रुसरोरुहाणां हिमो यथा दाहकरो बभूव ॥११५॥

शिवा-अन्वय—इत्थम् समुत्पादित वीर भावान् बालान् समुत्साह्य दुरन्त वीर्यः अचिरात् क्रान्त्या शत्रु सरोरुहाणाम् हिमो यथा दाहकरः बभूव ।

भावार्थ—इस प्रकार बालकों के मन में वीरभाव को जाग्रत कर उन्हें पूर्णतया उत्साहित किया अदम्य पराक्रमी बाल चन्द्रशेखर क्रान्ति के द्वारा शत्रुरूप कमलों के लिए हेमन्त ऋतु के समान दाहकारक हो गये ।

अथात्मनः क्रान्तिबलेन धीरः समुह्य सर्वान् ऋतुसंगरोऽसौ ।
आन्दोलयामास सपत्नसैन्यं, यथा समीरो व्रततीः क्षणेन ॥११६॥

शिवा-अन्वय—अथ यथा समीरः क्षणेन व्रततीः (आन्दोलयति) तथा ऋतसंगरः असौ बालान् समुह्य आत्मनः क्रान्तिबलेन सपत्नसैन्यं आन्दोलयामास ।

भावार्थ—इसके अनन्तर जिस प्रकार वायु एक क्षण में लताओं को झकझोर देता है उसी प्रकार सत्यप्रतिज्ञ इस धीर बालक चन्द्रशेखर ने वाराणसी के सम्पूर्ण बालकों का संगठन करके क्षणमात्र में अंग्रेजों की सेना को आन्दोलित कर दिया ।

ततो विरोधं प्रसमीक्ष्य तेषां, काशीस्थविद्यार्थिमृगेन्द्रकाणाम् ।
प्रशासनेनोत्थितकोपकेन, दण्डं प्रचण्डं समघोषि तेषु ॥११७॥

शिवा-अन्वय—ततः तेषाम् काशीस्थविद्यार्थिमृगेन्द्रकाणाम् विरोधम् प्रसमीक्ष्य उत्थितकोपकेन प्रशासनेन तेषु प्रचण्ड दण्डम् समघोषि ।

भावार्थ—इसके अनन्तर वाराणसीवासी विद्यार्थी सिंहशावकों

का घोर विरोध देखकर अत्यन्त क्रुद्ध जिला प्रशासन द्वारा उन पर प्रचण्ड दण्ड की घोषणा की गयी ।

स्वदेशभक्तान् नरसिंहकल्पान् विद्यार्थिनस्तान् दमयन् भयेन ।
कारागृहाध्यक्षपदे नियुक्तः, आज्ञापयद् वेत्रलताप्रहारम् ॥११८॥

शिवा-अन्वयः—स्वदेशभक्तान् नरसिंहकल्पान् तान् विद्यार्थिनः भयेन दमयन् कारागृहाध्यक्षपदे नियुक्तः वेत्रलताप्रहारम् आज्ञापयत् ।

भावार्थ—अपने देश के प्रति दृढ़भक्ति रखने वाले नृसिंह के समान निर्भीक उन विद्यार्थी बालकों का दण्डनीति से दमन करते हुए कारा-गृहाध्यक्ष पद पर नियुक्त दण्डाधिकारी ने उन छोटे-छोटे बच्चों पर बेत लगाने की सजा दे दी ।

येषां शरीराणि सुकोमलानि, पुष्पं भ्रदिम्ना स्म विडम्बयन्ति ।
तानेव हा ताडयितुं स पापः वेत्रैःप्रचण्डैर्भृशमादिदेश ॥११९॥

शिवा-अन्वयः—हा येषाम् सुकोमलानिशरीराणि भ्रदिम्ना पुष्पम् विडम्बयन्ति स्म तान् एव प्रचण्डैः वेत्रैः भ्रशम् ताडयितुम् सः पापः आदिदेश ।

भावार्थ—अहो कष्ट है । जिन बालकों के सुकोमल शरीर अपनी मृदुलता से पुष्प को भी लज्जित करते थे, उन्हीं नन्हे मुन्ने बालकों को प्रचण्ड बेंतों से पीटने के लिए पापी दण्डाधिकारी ने आदेश दे दिया ।

सदग्धवक्त्रो जनतापकारी, लालाटिकः शात्रवशासनस्य ।
आहूय सर्वान्च्छिशुदेशभक्तानतीतडद्वं पशुवच्च वेत्रैः ॥१२०॥

शिवा-अन्वयः—जनतापकारी शात्रवशासनस्य लालाटिकः दग्ध वक्त्रः सः सर्वान् शिशुदेशभक्तान् आहूय वेत्रैः पशुवत् अतीतडत् ।

भावार्थ—जनता का अपकार करने वाला एवं अंग्रेज शासन का चाटुकार वह जलमुहाँ दण्डाधिकारी सभी देशभक्त बालकों को बुलाकर पशु की भाँति उन्हें बेंतों से पिटवाने लगा ।

न सेहिरे केचिद् धीरबाला
वेत्र प्रहारान् सुरपास्त्रकल्पान् ।
क्रन्दन्त उच्चैरतिदीनदीनं,
मृत्योर्भयात् क्रान्तिपथाद्विचेलुः ॥१२१॥

शिवा-अन्वयः—केचिद् अधीरबाला सुरपास्त्रकल्पान् वेत्रप्रहारान्

न सेहिरे अतिदीनदीनं उच्चैः क्रन्दन्त मृत्योर्भयात् (हेतो) क्रान्तिपथात् विचेलुः ।

भावार्थ—उनमें से कुछ ऐसे अधीर बालक थे जो इन्द्र के वज्र के समान अत्यन्त कठोर बेत्र के प्रहारों को नहीं सह पाये और वे अत्यन्त दीनता पूर्वक जोर-जोर से चिल्लाते हुए मृत्युभय के कारण क्रान्तिपथ से विचलित हो गये ।

अनेन सर्वे शिशवः प्रयुक्ताः क्रान्त्यै कृतागा अयमेव तस्मात् ।
दण्डं किमस्येति विनिर्णयाय नीतोनरैर्न्यायगृहं स बालः ॥१२२॥

शिवा-अन्वयः—सर्वे शिशवः क्रान्त्यै अनेन प्रयुक्ता तस्मात् अयम् एव कृतागा अस्य किम् दण्डम् इति निर्णयाय स बालः नरैः न्यायगृहम् नीतः ।

भावार्थ—इसी बालक ने सभी बच्चों को क्रान्ति के लिए प्रेरित किया है । इसलिए सबसे बड़ा अपराधी यही है । इसका क्या दंड हो सकता है इस निर्णय के लिए पुलिस चन्द्रशेखर को न्यायालय में ले आयी ।

दण्डाधिकारी प्रभया प्रभान्तं
निर्भीकमुद्रं शशिशेखरं तम् ।
आलोक्य संकोचितनासिकाभ्रू
रपृच्छदारक्तमुखोऽति कोपात् ॥१२३॥

शिवा-अन्वयः—दण्डाधिकारी प्रभया प्रभान्तम् निर्भीकमुद्रम् शशि शेखरम् आलोक्य संकोचितनासिकाभ्रूः अतिकोपात् आरक्तमुखः अपृच्छत् ।

भावार्थ—दण्डाधिकारी ने स्वाभाविक प्रभा से प्रकाशित होते हुए अत्यन्त निर्भीक मुद्रा में उपस्थित बालक चन्द्रशेखर को देखकर नाक-भौहें सिकोड़ लीं तथा अत्यन्त क्रोध के कारण उसका मुख लाल हो गया और उसने चन्द्रशेखर से प्रश्न किया ।

क्व ते गृहं का च तवास्ति माता,
कस्ते पिता किं च तवाभिधानम् ।
के ते सहायाः व्यसनञ्च किन्ते,
क्रान्तौ किमिच्छन् समभूःप्रवृत्तः ॥१२४॥

शिवा-अन्वयः—ते गृहम् क्व, च तव माता का, ते पिता कः, च तव

अभिधानम् किम्, ते सहायाः च के, ते व्यसनम् किम्। किम् इच्छन् क्रान्तौ प्रवृत्तः समभूः।

भावार्थ—दण्डाधिकारी ने चन्द्रशेखर से पूछा-बालक तेरा घर कहाँ है? और तेरी माँ कौन है? तेरा पिता कौन है? और तेरा नाम क्या है? और तेरे सहायक कौन हैं? और तेरा व्यसन क्या है? तुम किस इच्छा से क्रान्ति में प्रवृत्त हुए हो?

इत्थं निशम्याथ वचस्तदीयं, निर्भीकबालः समुवाच भूयः।
आरक्तफुल्लाम्बुजसम्मिताक्षो, विभीषयन् गौरगणान् गिरेव ॥१२२॥

शिवा-अन्वयः—अथ इत्थं तदीयं वचः निशम्य आरक्तफुल्लाम्बुज सम्मिताक्षः निर्भीकबालः गिरा गौरगणान् विभीषयन् इव भूयः समुवाच।

भावार्थ—इस प्रकार दण्डाधिकारी के वचन सुनकर अरुण विकसित कमल के समान नेत्र वाले निर्भीक मुद्रा में अपनी वाणी से अंग्रेजों को भयभीत करते हुए से बालक चन्द्रशेखर फिर बोले।

कारा मेऽस्ति गृहं च भारतमही माता मनोज्ञा मम,
श्रीरामोऽस्ति पिता समद्म्यजरिपून्नाजाद नामास्म्यतः।
त्वन्नाशो व्यसनं खलोद्धृतिरतौ बाहू सहायीकृतौ।
क्रान्तिर्नोऽवनिमित्सुकैरहरहो युष्माभिराकल्पिता ॥१२६॥

शिवा-अन्वयः—कारा मे गृहम् अस्ति मनोज्ञा भारत मही मममाता श्रीरामः पिताअस्ति अजरिपून् समद्मि अतः आजादनामा अस्मि त्वन्नाशः व्यसनम् खलोद्धृतिरतौ बाहू (मम) सहायीकृतौ स्वावनि मुद्इप्सुकैः युष्माभिः (सह) क्रान्ति आकल्पिता।

भावार्थ—बालक चन्द्रशेखर ने उत्तर दिया—कारागार ही मेरा घर है भारत भूमि ही मेरी सुन्दर माँ है, सर्वतन्त्र स्वतन्त्र श्रीराम ही मेरे पिता हैं, बकरों के समान भारतीय संस्कृतिरूप फसल को हानि पहुँचाने वाले शत्रुओं को मैं खा जाता हूँ इसीलिए मेरा नाम आजाद है। तुम्हारा नाश ही मेरा व्यसन है। दुष्ट अंग्रेजों को उखाड फेंकने में तत्पर मेरे दोनो भुजदण्ड ही सहायक हैं और हमारी भारत-भूमि को चाहने वाले तुम जैसे विदेशी शासकों के साथ ही मेरी दिनरात की क्रान्ति है।

पाद टिप्पणी—आजाद :—अजा इव रिपवः तान् अजान् अत्ति इति अजादः। अजादः एव आजादः।

अत्युद्धतं वीक्ष्य विवृद्धमन्युः क्रान्त्यग्रदूतं विधुशेखरं तम्।
स पापको हा दशपञ्चकृत्वो वेत्रैः प्रहर्तुं विषमं समारुयत् ॥१२७॥

शिवा-अन्वयः—क्रान्त्यग्रदूतम विधुशेखरम् तम् अत्युद्धतम् वीक्ष्य विवृद्धमन्युः स पापकः दशपञ्चकृत्वः वेत्रैः प्रहर्तुम् विषमम् समारुयत् हा।

भावार्थ क्रान्ति के अग्रदूत उन आजाद चन्द्रशेखर को अत्यन्त उद्धत देखकर क्रोध में भरे उस पापी दण्डाधिकारी ने उन्हें पन्द्रह बेंत लगाने की कठोर सजा सुनाई।

आदेशमाकर्ण्य जनाः समस्ताः शोकाम्बुराशौ नितरां ममज्जुः।
भटास्तमादाय शिशुप्रवीरं कारागृहाधीशमथोपनिन्युः ॥१२८॥

शिवा-अन्वयः—आदेशं आकर्ण्य समस्ताः जनाः शोकाम्बुराशौ नितराम् ममज्जुः अथ भटाः तम् शिशुप्रवीरम् आदाय कारागृहाधीशं उपनिन्युः।

भावार्थ—चन्द्रशेखर को पन्द्रह बेंत लगाने की सजा सुनकर बाहर खड़े लोग शोक सागर में डूब गये। इसके पश्चात् राजपुरुष (पुलिस) उस वीर बालक को पकड़कर कारागृहाधीश अर्थात् जेलर के पास लाये।

अहो दुरन्ताञ्च परिस्थितिं तां स्मृत्वा विदीर्णा वसुधा कथं नो।
निर्दोषं बालं च यदा प्रहर्तुं प्रसह्य पापा निगडैर्बबन्धुः ॥१२९॥

शिवा-अन्वयः—यदा पापा प्रसह्य प्रहर्तुं निर्दोषं बालं निगडैः बबन्धुः अहो ताम् दुरन्ताम् परिस्थितिम् स्मृत्वा वसुधा कथम् नो विदीर्णा (बभूव)।

भावार्थ—जब इन पापियों ने बलपूर्वक उस निर्दोष बालक को पीटने के लिए सिकडियों से बांधा। तब उस दुरन्त परिस्थिति को स्मरण करके पृथ्वी क्यों नहीं फट गयी।

ततो दयाशून्यहृदाधमेन, काराधिपेनानुचरोऽनुदिष्टः।
प्रारब्धवान् दारुणवेत्रयष्ट्या, कोपात्प्रहर्तुं तमनन्तधैर्यम् ॥१३०॥

शिवा-अन्वयः—ततः दयाशून्यहृदा अधमेन काराधिपेन अनुदिष्टः अनुचरः दारुणवेत्रयष्ट्या, अनन्तधैर्यम् तम् प्रहर्तुम् प्रारब्धवान्।

भावार्थ—इसके आमन्तर निर्दय हृदय वाले उस दुष्ट काराध्यक्ष के आदेश से वहाँ के अनुचर ने कठोर बेंत की छड़ी से क्रोधपूर्वक उस असीम धैर्यशाली बालक को पीटना प्रारम्भ कर दिया।

यदा-यदा वेत्रलता प्रहारं तस्मिन् सकोपोऽनुचरश्चकार ।
तदा तदा सिंहरवेण वीरो जगर्ज बालो जय भारतेति ॥१३१॥

शिवा-अन्वयः—यदा-यदा सकोपः अनुचरः तस्मिन् वेत्रलता प्रहारम् चकार तदा तदा वीरः बालः सिंहरवेण जय भारत इति जगर्ज ।

भावार्थ—जब-जब क्रोध से भरा हुआ कारागृह का अनुचर चन्द्रशेखर पर बेत का प्रहार करता तब-तब वीर बालक सिंह के समान ऊँचे स्वर से 'जय भारत' कहकर गरज पड़ता था ।

जयन्त्वमी भारतसिंहयोद्धाः, क्रान्तिप्रिया वैरिवधप्रवीणाः ।
जयन्तु भक्तप्रमुखाः सुशीला कालोऽपि नो भीषयितुं न शक्यः। ।१३२॥

शिवा-अन्वयः—क्रान्तिप्रियाः वैरिवधप्रवीणाः, अमी भारतसिंहयोद्धाः जयन्तु, भक्तप्रमुखाः सुशीलाः जयन्तु, कालः अपि नः भीषयितुम् न शक्यः ।

भावार्थः—क्रान्तिप्रिय एवं शत्रु वध में निपुण ये क्रान्तिकारी भारत के सिंह योद्धा विजयी हों और भगतसिंह आदि राष्ट्रवादियों की भी जय हो। (क्योंकि) काल भी हमें नहीं डरा सकता ।

अये खलास्तक्षत चर्म वेत्रैः, कुर्वन्तु कामं वपुरस्थिशेषम् ।
व्रतं न हास्यामि कदापि वैरं जन्मान्तरे वैरिषु साधयिष्ये ।।१३३॥

शिवा-अन्वयः—अये खला वेत्रैःचर्म तक्षतकामम् वपु अस्थि शेषम् कुर्वन्तु कदापि व्रतम् न हास्यामि जन्मान्तरे वैरिषु वैरं साधयिष्ये ।

भावार्थः—अरे दुष्टो ! बेंत से चाहे चमड़ी उधेड़ लो, चाहे पूर्ण रूप से शरीर को अस्थिशेष कर डालो। फिर भी कभी अपना व्रत नहीं छोड़ूंगा और दूसरे जन्म में भी शत्रुओं से इस वैर का बदला लूँगा ।

यावत्करिष्यामि न भूपिपासां शान्तां भुशुण्डी समुपाहृतेन ।
रक्ताम्बुना वस्तनुनिर्गतेन तावत्कथं मे हृदयस्य शान्तिः ॥१३४॥

शिवा-अन्वयः—यावत् भुशुण्डि समुपाहृतेन वःतनु निर्गतेन रक्ताम्बुना भूपिपासां शान्ताम् न करिष्यामि तावत् मे हृदयस्य कथम् शान्तिः भविष्यतीति शेषः ।

भावार्थः—जब तक मैं तुम लोगों के शरीरों से निकले हुए भुशुण्डि अर्थात् बन्दूक रूप पात्र से अर्पित किये हुए रक्त रूप जल से पृथ्वी की पिपासा को नहीं बुझा लूंगा तब तक मेरे हृदय को शान्ति कहाँ ?

प्रताड्यमानस्य शिशोर्बहिष्ठा, ओजस्विनादं चकिता निशम्य ।
हा साहसिन् हा विधुशेखरेति, विचुक्रुशुः पक्षिगणा इवार्ताः ॥१३५॥

शिवा-अन्वयः—प्रताड्यमानस्य शिशोः ओजस्विनादम् निशम्य बहिष्ठाः चकिता पक्षिगणाः इवआर्ता हा साहसिन् हा विधुशेखर इति विचुक्रुशुः ।

भावार्थ—इस प्रकार पीटे जाते हुए वीर बालक की ओजस्वी गर्जना को सुनकर बाहर खड़े हुए लोग चकित हो गये। हा साहसी हा चन्द्रशेखर इस प्रकार आर्त पक्षिगणों की भाँति चिल्लाने लगे ।

प्रताड्यमानः स शिशुःशरीर स्रुतेन रक्तेन महीम् विसिच्य ।
उत्कृत्तचर्मा च विसृष्टसंज्ञः पपात भूमौ प्रणिपित्सयेव ॥१३६॥

शिवा-अन्वयः—प्रताड्यमानः सः शिशुः शरीर तेन रक्तेन महीम् विसिच्य उत्कृत्तचर्मा च विसृष्ट संज्ञः प्रणिपित्सया इव भूमौ पपात ।

भावार्थः—इस प्रकार निर्ममता पूर्वक पीटा जाता हुआ बालक जिसकी चमड़ी उधड़ चुकी थी अपने शरीर से गिरते हुए रक्त द्वारा पृथ्वी को सींचकर मानो प्रणाम करने की इच्छा से मूछित होकर भूमि पर गिर पड़ा ।

तं मूछितं वेत्रलताभिघातप्ररूढपीडम् मृतवत् समीक्ष्य ।
स पापकस्ताडनतो व्यरंसीत् कारांधिपे पश्यति कम्पमानः ॥१३७॥

शिवा-अन्वयः—वेत्रलताभिघात प्ररूढपीडम् मूछितम् तम् मृतवत् समीक्ष्य कारांधिपे पश्यति कम्पमानः स पापकः ताडनतः व्यरंसीत् ।

भावार्थ—बेतों के प्रहारों से उत्पन्न पीडा के कारण मूछित हुए बालक चन्द्रशेखर को मरा जैसा समझ कर कारांध्यक्ष के देखते-देखते वह पापी सिपाही बेंत लगाने से विरत हो गया ।

अहो शिशुः साहसिरत्नभूतो, धन्योऽस्य धन्या महती तितिक्षा ।
निबध्य वेत्रैः परिताड्यमानस्तथापि धीरो न जहौ प्रतिज्ञाम् ॥१३८॥

शिवा-अन्वयः—अहो साहसरत्नभूतः शिशुः धन्यः अस्यमहती तितिक्षा धन्या । निबध्य वेत्रैः परिताड्यमानः तथापि धीरः प्रतिज्ञाम् न जहौ ।

भावार्थ—अहो ! साहसियों में रत्न यह बालक धन्य और इसकी महती सहन शक्ति भी धन्य है जो कि सिकडियों से बांधकर बेंत से पीटे जाने पर भी इस वीर बालक ने अपनी प्रतिज्ञा नहीं छोड़ी ।

किं दुस्त्यजं किल तृणीकृतभूमिभोग।
तृप्तात्मनामिह सतां जनताप्रियाणाम्।
किं चाविधेयमसतां परपीडकानाम्,
किं दुस्सहं भुवि नृणां सुदृढ़व्रतानाम् ॥१३९॥

शिवा-अन्वयः—इह तृणीकृत भूमिभोगतृप्तात्मनां जनताप्रियाणाम् सताम् किम् दुस्त्यजं, असताम् परपीडकानां च किम् अविधेयम्, भुवि सुदृढ़व्रतानाम् नृणाम् किम् दुस्सहम्।

भावार्थ—इस लोक में भूमि के भोगों को तृण के समान समझकर अपने अन्तःकरण में तृप्त, सम्पूर्ण प्राणियों के प्रिय सन्तों के लिए क्या दुस्त्याज्य है? दूसरों को पीडा देने वाले दुष्टों के लिए क्या अविधेय है? अर्थात् वे सब कुछ कर सकते हैं। दृढ़व्रती महापुरुषों के लिए पृथ्वी पर क्या दुःसह है?

विधूय मूर्च्छां परिलब्धसंज्ञः, मुहुर्मुहुर्मातृभुवंप्रणम्य।
उत्थाय चोच्चैर्जय भारतेति, समुज्जगौ भारतभाग्यभानुः ॥१४०॥

शिवा-अन्वयः—भारतभाग्यभानुः मूर्छां विधूय परिलब्धसंज्ञः मातृभुवम् मुहुर्मुहुः प्रणम्य च उत्थाय 'जय भारत' इति उच्चैः समुज्जगौ।

भावार्थ—भारतभाग्य के सूर्य चन्द्रशेखर मूर्च्छा को छोड़ होश में आकर मातृभूमि को बार-बार प्रणाम करके उठकर 'जय भारत' इस प्रकार ऊँचे स्वर में बोलने लगे।

विबुध्य वीरस्य सपत्नसिन्धुविशोषि वीर्योत्कटबाडवाग्निम्।
सुविस्मितास्त्यक्तनिमेषनेत्रा, गौराश्च भीता ददृशुस्तमेव ॥१४१॥

शिवा-अन्वयः—वीरस्य सपत्नसिन्धुः विशोषि वीर्योत्कट् वाडवाग्निम् विबुध्य सुविस्मिताः भीताः गौराः त्यक्तनिमेषनेत्राः तमेव ददृशुः।

भावार्थ—वीर बालक के शत्रु रूप समुद्र को सोखने वाले पराक्रम रूप उत्कट वाडवानल को समझकर अत्यन्त विस्मित भयभीत गोरे लोग निर्निमेष दृष्टि से उन्हें ही देखने लगे।

(१) **टिप्पणी**—सपत्नसिन्धु विशोषि वीर्योत्कटवाडवाग्निम्= सपत्नाः शत्रवः अंग्रेजाः त एव सिन्धवःसमुद्राः तेषां विशोषि-शोषणकर्ता यः वीर्यरूपः उत्कटः वाडवाग्निः तम्।

अवाप्तसंज्ञाय विचर्मपृष्ठरक्ताकुलायामितविक्रमाय।
ददौ चिकित्सार्थमथो पणानि द्वित्राणि काराधिपतिः स तस्मै ॥१४२॥

शिवा-अन्वयः—अथ काराधिपति अवाप्तसंज्ञाय विचर्मपृष्ठ रक्ताकुलाय अमितविक्रमाय तस्मै चिकित्सार्थम् द्वित्राणि पणानि ददौ।

भावार्थ—इसके पश्चात् उस काराधीश ने चेतना में आये हुए एवं उधडी चमडी वाले पीठ के रक्त से लथपथ अमित पराक्रमशाली उन चन्द्रशेखर को चिकित्सा के लिए दो तीन पैसे दिये।

(२) **टिप्पणी**:—विगतं चर्म यस्मात् विकृत्तं चर्म यस्य वा तद् विचम विचर्मणः पृष्ठस्य रक्तेन आकुलाय इति विकृत्तचर्मपृष्ठाकुलाय।

स आप्तकोपः पणकानि तस्य प्रक्षिप्य वक्त्रोपरि गामुवाच।
विडम्बयन् वैरिगणान् स्वकान्त्या प्रसह्य रोषारुणनेत्रपद्मः ॥१४३॥

शिवा-अन्वयः—आप्तकोपः सः रोषारुणनेत्रपद्मः स्वकान्त्या गौर-गणान् विडम्बयन् पणकानि तस्य वक्त्रोपरि प्रक्षिप्य प्रसह्य गाम् उवाच।

भावार्थः—इस व्यवहार से चन्द्रशेखर को तुरन्त क्रोध आ गया। रोष से उनके कमल नेत्र लाल हो गये। वे अपनी कान्ति से अंग्रेजों को चकित करते हुए जेलर के दिये हुए पैसों को उसीके मुख पर फेंककर निर्भीक होकर यह वाणी बोले—

ते सन्ति चान्ये भुविभाररूपाः कलङ्कपङ्केन मलीमसास्याः।
ये युष्मदीयं समुपेक्ष्य दत्तं पिण्डं शठाः कुक्कुरवल्लभन्ते ॥१४४॥

शिवा-अन्वयः—भुविभारभूताः कलङ्कपङ्केन मलीमसास्याः च ते अन्ये सन्ति ये शठाः समुपेक्ष्य दत्तम् युष्मदीयम् पिण्डं कुक्कुरवत् लभन्ते।

भावार्थ—पृथ्वी पर भार के समान एवं कलङ्करूप कीचड़ से मलिन मुख वाले ऐसे लोग और होते हैं जो अपमान करके फेंके हुए तुम लोगों के दिये टुकडे को कुत्तों की भाँति ले लेते हैं।

अहं तु यौष्माकशिरः प्रसूनमालांलसद्वायसभालमेरुम्।
स्वातन्त्र्यदेव्यै समुपाजिहीर्षुराजन्मवीरव्रतमाबिभर्मि ॥१४५॥

शिवा-अन्वयः—अहम् तु लसद्वायसभालमेरुम्यौष्माकशिरः प्रसूनमालाम् स्वातन्त्र्यदेव्यै समुपाजिहीर्षुः आजन्म वीरव्रतम् आबिभर्मि।

भावार्थ—मैं तो वायसराय का मस्तक ही जिसका सुमेरु होगा ऐसे तुम लोगों के शिररूप पुष्पों की माला स्वतन्त्रता देवी को उपहृत करने के लिए जीवनपर्यन्त वीरव्रत ही धारण कर रहा हूँ।

टिप्पणी—लसद् वायसस्य वायसरायस्य ब्रिटिशप्रेषितस्य भारत-प्रशासकस्य भालं मस्तकं मेरुः सुमेरुः यस्यां सा ताम्। युष्माकम् इमानि यौष्माकाणि। यौष्माकाणि च तानि शिरांसि इति यौष्माकशिरांसि तान्येव प्रसूनानि पुष्पाणि इति यौष्माकशिरःप्रसूनानि तेषां माला ताम्।

दण्डालयात् तं प्रतियान्तमित्थमाभाष्य दृष्ट्वा जनता बहिष्ठा।
वासो वसानं तनुरक्तरक्तं, सप्रेमबाष्पैः स्नपयाम्बभूव ॥१४६॥

शिवा-अन्वयः—इत्थम् आभाष्य दण्डालयात् प्रतियान्तम् तनुरक्त-रक्तम् वासः वसानम् तं दृष्ट्वा बहिष्ठा (जनता) सप्रेमबाष्पैः स्नपयाम्बभूव।

भावार्थ—इस प्रकार कहकर दण्डालय से बाहर निकलते हुए शरीर के खून से लथपथ कपड़े पहने हुए बालक चन्द्रशेखर को देखकर बाहर खड़ी जनता ने उन्हें नेत्रों की अश्रुधाराओं से नहला दिया।

नीत्वाथ चैकेन सुहृत्तमेन गृहं चिकित्सादिकभूरियत्नैः।
असेव्यताल्पैर्दिवसैर्न सोमः स्वस्थोऽभवत् भारतकीर्तिकेतुः ॥१४७॥

शिवा-अन्वयः—अन्य च एकेन सुहृत्तमेन गृहम् नीत्वा चिकित्सादिक भूरियत्नैः नृसोमः असेव्यत अल्पैः दिवसैः भारतकीर्तिकेतुः स्वस्थः अभवत्।

भावार्थ—इसके अनन्तर एक मित्र के द्वारा घर ले जाकर चिकित्सा-दिक अनेक यत्नों से उन नरचन्द्र की सेवा की गयी और भारत के कीर्ति-ध्वज श्री चन्द्रशेखर थोड़े ही दिनों में स्वस्थ हो गये।

टिप्पणी—ना सोम इव इति नृसोमः 'उपमितं व्याघ्रादिभिः सामान्यप्रयोगे, इत्यनेन समासः।

आयोजिता नेतृगणैस्तथैका सभास्य वीरस्य समादराय।
वाराणसेये सुविशालकक्षे द्रष्टुं तमायन् बहवोरिपुघ्नम् ॥१४८॥

शिवा-अन्वयः—अस्य वीरस्य समादराय वाराणसेये सुविशालकक्षे नेतृगणैः तथा एका सभा आयोजिता तम् रिपुघ्नम् द्रष्टुम् बहवः आयन्।

भावार्थ—इसके बाद उस वीर के सम्मान के लिए वाराणसी के टाउन हाल में नेताओं द्वारा एक बहुत विशाल सभा की गयी उन शत्रु-हन्ता को निहारने के लिए वहाँ बहुत से लोग आये।

असंख्यमाला कुसुमैः परीतं, मञ्चस्थितं तं लघुकायबालम्।
द्रष्टुं न शेके जनता समेता तद्वक्त्रपद्मे कृतभूरिनिष्ठा ॥१४९॥

शिवा-अन्वयः—असंख्यमाला कुसुमैः परीतम् मञ्चस्थितं तम् लघुकायबालम् तम् तद्वक्त्रपद्मेकृतभूरिनिष्ठा समेता जनता द्रष्टुम् न शेके।

भावार्थ—असंख्य मालाओं एवम् पुष्पों से ढके हुए मंच पर स्थित उस बालक को आई हुई जनता ठीक-ठीक देख न पाई जो कि उसके मुखकमल को निहारने की निष्ठा से आयी थी।

संबोध्य सर्वान्छिशुरिद्धतेजाः वेत्रव्रणैः पूरितगात्रयष्टिः।
क्रान्तिं विधातुं द्विषतो विहन्तुं स्वीयव्रतं निश्चितमभ्यचष्ट ॥१५०॥

शिवा-अन्वयः—इद्धतेजाः वेत्रव्रणैः पूरितगात्रयष्टिः शिशुः सर्वान् संबोध्य क्रान्तिम् विधातुम् द्विषतः विहन्तुम् निश्चितम् स्वीयव्रतम् अभ्यचष्ट।

भावार्थ—परम तेजस्वी तथा जिसके दुबले-पतले शरीर पर बेंत के घाव भरे हुए थे उस बालक चन्द्रशेखर ने सबको सम्बोधित करके क्रान्ति करने के लिए शत्रुओं का हनन करने हेतु अपने निश्चित व्रत को सुस्पष्ट कहा।

इत्थं वैरिवरूथवारिदघटासंघट्टवातोपमः,
प्रोद्यत् साहसधैर्यशौर्यसुगुणैर्मित्राणिचोत्साहयन्।
देशेऽस्मिन्नथ चन्द्रशेखर इव भ्राम्यन् रिपूंस्तापयन्,
ख्यातिं शक्तिमलौकिकीं स्ववयसः पूर्वार्ध एवार्जयत् ॥१५१॥

शिवा-अन्वयः—इत्थम् वैरिवरूथ वारिदघटासंघट्टवातोपमः प्रोद्यत् साहसधैर्यशौर्य सुगुणैः मित्राणि च उत्साहयन् अथ चन्द्रशेखर इव अस्मिन् देशे भ्राम्यन् रिपून्तापयन् स्ववयसः पूर्वार्ध एव शक्तिं अलौकिकीं ख्यातिम् अर्जयत्।

भावार्थ:—इस प्रकार शत्रु समूह रूप बादल की घटा को विघटित करने के लिए प्रबल वायु के समान आजादचन्द्रशेखर ने अपने उदीयमान साहस, धैर्य, शौर्य स्वयं शिवजी के समान देश में भ्रमण करते हुए तथा शत्रुओं को भयभीत करते हुए अपनी जीवनलीला के पूर्वार्ध में ही अलौकिक शक्ति एवं ख्याति अर्जित कर ली थी।

चन्द्रशेखरकाव्यस्य चन्द्रशेखरसंगता।
शिवा पूर्वार्धसंपृक्ता शिवेव तनुतां शिवम् ॥

इति सर्वाम्नाय श्रीतुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानन्दाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य विरचिते आजादचन्द्रशेखरचरिते

पूर्वार्धः समाप्तः

॥ श्रीमद्राघवो विजयतेतराम् ॥

"आजादचन्द्रशेखरचरितम्"

उत्तरार्धः

अथ स्वदेशाद्द्विषतां पलायनं, न सम्भवं शान्तिबलेन केवलम्।
विचिन्त्य चेत्थं हृदि चन्द्रशेखरः, प्रचक्रमे कर्तुमसौ स्वसंघटम् ॥१॥

शिवा-अन्वयः—अथ केवलम् शान्तिबलेन स्वदेशात्द्विषताम् पलायनम् न सम्भवम् च इत्थं हृदि विचिन्त्य असौ चन्द्रशेखरः स्वसंघटम् कर्तुम् प्रचक्रमे।

भावार्थ—अब उत्तरार्ध का प्रारम्भ माङ्गलिक 'अथ' शब्द से करते हैं। केवल शान्ति के बल से अपने देश भारतवर्ष से अंग्रेज शत्रुओं का पलायन सम्भव नहीं है इस प्रकार हृदय में विचार करके वीर बालक चन्द्रशेखर ने अपनी क्रान्तिकारी सेना का संघटन प्रारम्भ कर दिया।

समग्रदेशे निजभव्यभाषणैः,
समुल्लसद्वीररसैर्द्विषन्तपः।
स्वचेष्टितैः शौर्यमयैः कणे कणे,
व्यञ्जिम्भयत् क्रान्तिमयीं च भावनाम् ॥२॥

शिवा-अन्वय—द्विषन्तपः समुल्लसत् वीररसैः निजभव्यभाषणैः शौर्यमयैः स्वचेष्टितैः समग्रदेशे कणे कणे क्रान्तिमयीं भावनाम् व्यञ्जिम्भयत्।

भावार्थ—शत्रुनाशक चन्द्रशेखर ने वीररस से ओतप्रोत अपने भव्य ओजस्वी भाषणों द्वारा और वीरतापूर्वक विविध चेष्टाओं द्वारा सम्पूर्ण देश के कण कण में क्रान्तिमयी भावना को जाग्रत करा दिया।

अनेकशस्त्यक्तकुटुम्बसौहृदा भटाः पुमांसस्तरुणार्ककान्तयः।
स्वतन्त्रतायै विजिघ्रिक्षया परैरुपेयुराजादममन्दविक्रमम् ॥३॥

शिवा-अन्वयः—अनेकशः त्यक्तकुटुम्बसौहृदा तरुणार्ककान्तयः पुमांसः भटाःस्वतन्त्रतायै परैः विजिघ्रिक्षया अमन्दविक्रमम् आजादम् उपेयुः।

भावार्थ—अनेकानेक तरुण सूर्य के समान क्रान्तिवाले वीर-युवक स्वतन्त्रता के लिये कुटुम्ब की ममता छोड़कर शत्रुओं के साथ विग्रह करने की इच्छा से अतुलनीय पराक्रमशाली श्रीचन्द्रशेखर आजाद की सेवा में आ गये।

त एव वीरा बलधैर्यमूर्तयो, दले नियुक्ताः किल चान्द्रशेखरे।
सुखं विहायावितुमाप्तसङ्कटां स्वकां महीं यैर्भरतानुजायितम् ॥४॥

शिवा-अन्वयः—बलधैर्यमूर्तयः ते एव वीराः चान्द्रशेखरे दले नियुक्ताः यैः सुखम् विहाय आप्तसङ्कटाम् स्वकाम् महीम् अवितुम् भरतानुजायितम्।

भावार्थ—वे ही बल एवं धैर्य की मूर्ति वीरपुरुष चन्द्रशेखर के दल में नियुक्त किये गये जिनके द्वारा अपना सुख छोड़कर सङ्कटापन्न अपनी मातृभूमि की रक्षा करने के लिये भरतानुयायी अर्थात् शत्रुघ्न के समान आचरण करने का निश्चय किया गया।

पाद टिप्पणी—भरतस्य श्रीरामानुजस्य अनुजः भरतानुजः श्री शत्रुघ्नः भरतानुज इव आचरन्ति इति भरतानु जायन्ते। 'कर्तुःक्यङ्सलोपश्च' इत्यनेन क्यङ्प्रत्ययः। तैः अभरतानुजाय्यत इति भरतानुजायितम् तच्छीलः इति। भाव यह है कि जैसे श्रीअवध के छत्रभंग के अनन्तर श्रीराम की पादुका पाकर श्रीभरत जी तो नन्दीग्राम में विराजे किन्तु श्री शत्रुघ्नलाल उस दारुण संकट बेला में अपने समस्त सुखों को तिलाञ्जलि देकर चतुर्दशवर्ष पर्यन्त श्रीअवध की सेवा करते रहे, उसी प्रकार जो समस्त सुखों का बलिदान करके मातृभूमि की रक्षा के लिये कृतप्रतिज्ञ हुए उन्हीं को चन्द्रशेखर के दल में नियुक्त किया गया।

स राजगुर्वादि निजानुगामिनः, सभक्तसिंहान् बटुकेश्वरादिकान्।
उपेत्य तान् रामदशास्यसंयुगे, प्रवीरमर्कान् हनुमान् इवाबभौ ॥५॥

शिवा-अन्वयः—सः सभक्तसिंहान् बटुकेश्वरादिकान् राजगुर्वादि निजानुगामिनः उपेत्य रामदशास्यसंयुगे प्रवीरमर्कान् उपत्य हनुमान इव आबभौ।

भावार्थ—वे आजाद चन्द्रशेखर भगतसिंह बटुकेश्वर राजगुरु आदि अपने अनुगामी क्रान्तिकारी युवकों को प्राप्त कर श्रीराम रावण संग्राम वीर वानरों को पाकर हनुमान की भाँति सुशोभित हुए।

टिप्पणी (२)—दश आस्यानि मुखानि यस्य इति दशास्यो रावणः। रामश्च दशास्यश्च इति रामदशास्यौ तयोः संयुगं इति रामदशास्यसंयुगं तस्मिन् रामदशास्यसंयुगे।

रामप्रसादेन समे प्रवीराः सम्प्रेरिता विस्मिलवंशजेन।
प्रारेभिरे क्रान्तिममन्दशौर्या आजादमुख्याः द्विषदब्दवाताः ॥६॥

शिवा-अन्वयः—विस्मिलवंशजेन रामप्रसादेन संप्रेरिताः अमन्दशौर्याः द्विषदब्दवाताः आजादमुख्याः समे प्रवीराः क्रान्तिम् प्रारेभिरे।

भावार्थ—रामप्रसाद विस्मिल की प्रेरणा से शत्रुरूप बादलों को नष्ट करने हेतु वायु के समान अतुलनीय पराक्रम वाले आजाद प्रमुख वीर युवकों ने क्रान्ति प्रारम्भ कर दी।

तृणाय मत्वा गृहवैभवादि, क्षुधंपिपासां विगणय्य शूराः।
प्रतिक्षणं देशसमुद्दिधीर्षां प्रवर्धयाञ्चक्रुरमी प्रयत्नात् ॥७॥

शिवा-अन्वयः—अमी शूराः गृहवैभवादि तृणाय मत्वा क्षुधांपिपासाम् विगणय्य प्रयत्नात् प्रतिक्षणम् देशसमुद्दिधीर्षाम्प्रवर्धयांचक्रुः।

भावार्थः—ये क्रान्तिकारी गृह संम्पत्ति आदि को तृण के समान मानकर भूख प्यास की कोई चिन्ता न करते हुये अपने प्रयासों से प्रत्येक क्षण देश के स्वातन्त्र्य की इच्छा को प्रबल करने लगे।

अथार्थआवश्यक अस्त्रशस्त्र क्रयाय सैन्यस्य च चालनाय।
स्वीचक्रुरेते हृदये विचिन्त्य दस्यून् ध्युदस्तुं किलदस्युवृत्तिम् ॥८॥

शिवा-अन्वय—अथ दस्यून् ध्युदस्तुम् अस्त्रशस्त्रक्रयाय च सैन्यस्य चालनाय अर्थम् आवश्यकम् इतिएते हृदये विचिन्त्य दस्युवृत्तिम् स्वीचक्रुः।

भावार्थः—इसके अनन्तर अंग्रेजों जैसे दुष्ट डाकुओं को समाप्त करने के लिये अस्त्रशस्त्रों को खरीदने तथा सैन्य के संचालनार्थ धन आवश्यक है इस प्रकार हृदय में विचार कर इन क्रान्तिकारी महापुरुषों ने न चाहते हुये भी देश की समस्या का समाधान करने के लिये दस्यु वृत्ति स्वीकार ली।

ज्ञात्वापि धर्मात् प्रतिकूलमेतद् विगर्हितं कर्म विरुद्धवृत्ति।
स्वीचक्रुरेतेपुरुषाहिताय, दासो मनुष्यो हि परिस्थितीनाम् ॥९॥

शिवा-अन्वयः—पुरुषाः एतद् विगर्हितम् कर्मधर्मात् प्रतिकूलम् विरुद्धवृत्ति ज्ञात्वापि हिताय स्वीचक्रुः हि मनुष्यः परिस्थितीनाम् दासः।

भावार्थः—यद्यपि ये महापुरुष इस दस्युकर्म को अपने प्रतिकूल निन्दित एवं धर्म से विरुद्ध जानते थे फिर भी उन्हें देश के लिये यह सब करना पड़ा, क्योंकि मनुष्य परिस्थितियों का दास होता है।

लुंठेम तेषां द्रविणानि कामं, पापाय ये केवलमर्जयन्ति।
तेषां धनं धन्यमदः स्वदेश विपद्विनाशाय चकल्पतेयत् ॥१०॥

शिवा-अन्वयः—तेषाम्द्रविणानि काममलुंठेम ये केवलम् पापाय अर्जयन्ति अदःतेषाम्धनमधयं यत् स्वदेशविपद्विनाशाय कल्पते।

भावार्थः—हम लोग उन्हीं का धन पर्याप्त रूप से लूटें जो केवल पाप के लिये कमाते हैं उनका वह धन धन्य है जो देश की विपत्ति के नाश के लिये उपयुक्त होता है।

कदाप्येका महाराज्ञी राजस्थान निवासिनी।
अघोषयत् किमप्येकं काशीस्थम् शुभलक्षणम् ॥११॥
शिवलिङ्गं समाहर्तुं जीवहत्यां बिना तया।
पुरस्कारं समानेत्रे मुद्रा पञ्चसहस्रकम् ॥१२॥

अत्रश्लोकद्वयं एकान्वयन्।

शिवा-अन्वयः—कदापि राजस्थाननिवासिनी एका महाराज्ञी किमपि काशीस्थम्शुभलक्षणम् एकम्शिवलिङ्गं जीवहत्याम् बिना समाहर्तुम् अघोषयत् तया समानेत्रे मुद्रापंचसहस्रमम् पुरस्कारं अघोषयत्।

भावार्थः—किसी समय राजस्थान की महारानी ने ऐसी घोषणा की "कि सभी लक्षणों से युक्त एक काशीस्थ शिवलिङ्ग लाया जाय जिसमें जीव हत्या न हो। लाने वाले को पाँच हजार अशर्फियां पुरस्कार रूप में दी जायेंगीं।"

श्रुत्वा कार्यं विधातुं तदैच्छन् आजादनेत्रिकाः।
द्रव्येणानेन सैन्यस्य लाभः स्यात् प्रचुरं ध्रुवन् ॥१३॥

शिवा-अन्वयः— एतत् श्रुत्वा आजादनेत्रिकाः तत्कार्यम् विधातुम् ऐच्छन्। अनेन द्रव्येण सैन्यस्य ध्रुवम् प्रचुरम् लाभः स्यात्।

भावार्थ—यह सुनकर आजाद के अनुयायी लोगों ने शिवलिङ्ग पहुँचाने का निर्णय लिया क्योंकि इस द्रव्य से सेना का बहुत लाभ हो जाता।

प्रतिक्षणं समाकीर्णं मन्दिरं वीक्ष्यते भटाः।
नाशक्नुवन् समानेतुं मूर्ति हत्यां बिना किल ॥१४॥

शिवा-अन्वयः—प्रतिक्षणम् मन्दिरम् जनाकीर्णम् वीक्ष्य ते भटाः हत्याम् बिना मूर्तिम् समानेतुम् नाशक्नुवन् किल।

भावार्थः—प्रतिक्षण मन्दिर को भीड़ से घिरा हुआ देखकर वीर क्रान्तिकारी हत्या के बिना मूर्ति लाने में समर्थ न हुए।

केचित् प्राहुर्जनान् हत्वा शिवलिङ्गं प्रदीयताम्।
कथं ज्ञास्यति सा राज्ञी यद् वृत्तं विहितं हि नः ॥१५॥

शिवा-अन्वयः—केचित् प्राहुः जनान् हत्वा शिवलिङ्गं प्रदीयताम् हि नःयद् वृत्तम् विहितम् तत् सा राज्ञी कथम् ज्ञास्यति।

भावार्थः—कुछ लोगों ने कहा कि लोगों को मारकर शिवलिङ्ग अपहरण के माध्यम से रानी को दे दिया जाय हम लोगों द्वारा किया गया वृत्त वह रानी कैसे जानेगी।

सुनिशम्य वचः स कैतवं गदतां गूढविचारचर्चया।
समभाषत चन्द्रशेखरः सुहृदः सान्द्रगिरेव शिक्षयन् ॥१६॥

शिवा-अन्वयः—गूढविचारचर्चया गदतां सकैतवं वचः सुनिशम्य सान्द्रगिरा सुहृदः शिक्षयन् इव चन्द्रशेखरः समभाषत।

भावार्थः—इस प्रकार गूढ़ विचारों की चर्चा के माध्यम से बोलते हुये मित्रों के कपट पूर्ण वचन सुनकर अपनी मधुर वाणी से अपने मित्रों को चरित्र की शिक्षा देते हुए से श्रीचन्द्रशेखर ने कहा।

अयि भो निजदेशभूषणाः किमवोचन् वचनं छलान्वितम्।
किमु कर्तुमियं प्रतारणा सुशका भारतवर्षवासिभिः ॥१७॥

शिवा-अन्वयः—अयिभोः निजदेशभूषणाः छलान्वितम् वचनम् किम्अवोचन् किम् इयम् प्रतारणा भारतवर्षवासिभिः कर्तुम् सुशका।

भावार्थः—हे अपने देश के आभूषणस्वरूप मित्रो! आप लोगों ने इस प्रकार कपटपूर्ण वचन क्यों कह डाला। क्या भारतवर्षवासी जो कि भरत की मर्यादा का अनुसरण करते हैं, किसी के साथ इस प्रकार वञ्चना कर सकते हैं?

अयमेव मणिः सुदुर्लभो भवसिन्धोः सुचरित्रसंज्ञकः।
इममेत्य निजार्थलोलुपाः परिहातुं तृणवत्स्थिता वयम् ॥१८॥

शिवा-अन्वयः—अयमेव सुचरित्रसंज्ञकः भवसिन्धोः सुदुर्लभः मणिः इमम्एत्य निजार्थलोलुपाः वयम् तृणवत् परिहातुम् स्थिताः।

भावार्थ—भवसागर का अत्यन्त दुर्लभ 'चरित्र' नामक यही तो एक-मणि है अरे ! हम लोग सामान्य से अर्थ के लोभवश इसी चरित्रमणि को पाकर भी इसे तृण के समान छोड़ने को उद्यत हैं।

यदि चेज्जनता विपिन्निशामपहर्तुं कृतनिश्चया वयम्।
प्रथमं कलयेम भासुरं स्वमनो व्योमचरित्रभास्वता ॥१९॥

शिवा-अन्वयः—यदि चेत् जनताविपन्निशाम् अपहर्तुम्वयम् कृत-निश्चयाः तर्हि प्रथमम् एव स्वमनोव्योमचरित्रभास्वता भासुरम् कलयेम।

भावार्थ—यदि हम जनता की विपत्ति रूप रात्रि को नष्ट करने के लिये कृतनिश्चय हैं तो सबसे पहले हमें अपने चरित्ररूप सूर्य से अपने मन-रूप आकाश को प्रकाशमान कर लेना चाहिये।

भगवान् सकलं हि पश्यति सकलस्थः सकलस्य चेष्टितम्।
नहि गुप्तममुष्य किञ्चन ननु राज्ञी परिवञ्चनेन किम् ॥२०॥

शिवा-अन्वयः—हि सकलस्थः भगवान् सकलस्य सकलं चेष्टितं पश्यति अमुष्यगुप्तम् किञ्चन न हिराज्ञी परिवञ्चने किम् ननु।

भावार्थ—सबके हृदय में रहने वाले भगवान् सबका सब कुछ देख रहे हैं, उनसे कुछ भी छिपा नहीं है इसलिये रानी को ठगने से क्या लाभ ?

इत्थं निशम्यामृतकल्पवाक्यं निगद्यमानं शशिशेखरेण।
स्वयं न्यवर्तन्त कुकर्मणस्ते साम्रेडमेनं प्रशसंशुरीड्यम् ॥२१॥

शिवा-अन्वयः—इत्थम् शशिशेखरेण निगद्यमानम् अमृतकल्प-वाक्यम् निशम्य ते कुकर्मणः स्वयम् न्यवर्तन्त एनम् ईड्यम् साम्रेडम् प्रशसंशुः।

भावार्थ—इस प्रकार चन्द्रशेखर द्वारा कहे जाते हुए अमृत के समान वाक्य सुनकर वे लोग स्वयं इस कुत्सित कर्म से हट गये और स्तुतियोग्य चन्द्रशेखर की बार-बार प्रशंसा करने लगे।

अथैकदा कर्णपुरे गृहन्ते प्रविश्य चैकस्य वणिग्जनस्य।
अलब्धमुद्रालयकुञ्जिकाश्च समे बभूवुर्विफलप्रयासाः ॥२२॥

शिवा-अन्वय :—अथ एकदा कर्णपुरे एकस्य वणिग्जनस्य गृहम् प्रविश्य अलब्धमुद्रालयकुञ्जिकाः ते समे विफलप्रयासाः बभूवुः।

भावार्थ :—इसके पश्चात् एक बार कानपुर में ये लोग एक वणिक के घर में प्रविष्ट हो गये वहाँ तिजोरी की कुंजी न पाकर अपने प्रयास की विफलता से बहुत दुःखी हुए।

निरीक्ष्य कार्पण्यमदभ्रलोभं तस्मै प्रदायाथ रुषा चपेताम्।
गृहीतवांस्तस्य धनं समग्रं स्वकार्यचुंचुः शशिशेखरोऽयम् ॥२३॥

शिवा-अन्वयः—अथस्वकार्यचुंचुः अयम् शशिशेखरः अथ कार्पण्यम् अदभ्रलोभम् निरीक्ष्य रुषा तस्मै चपेताम् प्रदाय तस्य समग्रम्धनम् गृहीतवान्।

भावार्थ—इसके पश्चात् अपने कार्य में कुशल चन्द्रशेखर ने उस बनिया का कार्पण्य एवं बहुत बड़ा लोभ देखकर क्रोध से उसे एक थप्पड़ लगाकर उसका पूरा धन ले लिया।

तत्ताडनात्लब्धभयो वणिक् सस्तनुं जहौ तीर्थ इवाति पुण्ये।
श्रुत्वा तदीयं निधनं स्वकेन दुःखाम्बुधौ शेखर आममज्ज ॥२४॥

शिवा-अन्वयः—तत्ताडनात् लब्धभयः सः वणिक् अतिपुण्ये तीर्थे इव तनुं जहौ स्वकेन तदीयं निधनं श्रुत्वा शेखरः दुःखाम्बुधौ आममज्ज।

भावार्थ—उनके थप्पड़ लगाने से उस वणिक ने भयभीत होकर अति पुण्य तीर्थ में मानो अपने शरीर का विसर्जन किया, अपने से उसका मरण सुनकर चन्द्रशेखर शोक सागर में डूब गये।

अहो अनर्हः स वधस्य किन्तु मया हतः पापकृताधमेन।
अतः स चत्वारि दिनानि यावत् व्रताय नैवान्नजलं प्रलेभे ॥२५॥

शिवा-अन्वयः—अयम् वधस्य अनर्हः किन्तु पापकृता अधमेन मया हतः अतः सः चत्वारि दिनानि यावत् व्रताय अन्नजलम् नैव प्रलेभे।

भावार्थ—अहो ! वह वणिक मरने योग्य नहीं था, किन्तु मुझ अधम पापी के द्वारा वह मारा गया, इस प्रकार उसका प्रायश्चित्त करने के लिये चन्द्रशेखर आजाद ने चार दिन तक अन्न जल नहीं लिया।

ग्रामेऽथ कस्मिंश्चिदमी यथोक्तलक्षाप्तये द्रव्यजिघ्रिक्षयार्ताः।
चक्रुर्भुशुण्डीध्वनिभग्नधैर्यान् ग्राम्यान् समन्तात् कृतदस्युवेशाः ॥२६॥

शिवा-अन्वयः—अथ कृतदस्युवेशा अमी यथोक्तलक्षाप्तये द्रव्य जिघ्रिक्षया आर्ताः कस्मिंश्चिद् ग्रामे ग्राम्यान् भुशुण्डिध्वनिभग्नधैर्यान् चक्रुः।

भावार्थ:—इसके अनन्तर डाकुओं का वेश बनाकर इन क्रान्ति-कारियों यथानिर्दिष्ट लक्ष्य की प्राप्ति के लिये द्रव्य को ग्रहण करने की इच्छा से आर्त होकर किसी ग्राम में प्रवेश करके ग्रामवासियों को बन्दूक की गोली की ध्वनि से भयभीत कर दिया।

यस्मिन् गृहे ते विविशुः प्रवीरास्तत्रास्त वृद्धा सहकन्यकैका ।
सम्मर्दभीतेरददान्नकिञ्चिद्धनं निराशाः स्म ततः प्रयान्ति ॥२७॥

शिवा-अन्वयः—ते प्रवीराः यस्मिन् गृहे विविशुः तत्र कन्यका सह एका वृद्धा आस्त सम्मर्दभीतेः सा किञ्चिद् धनम् न अददात् निराशाः ततः प्रयान्ति स्म ।

भावार्थ—जिस घर में इन वीरों ने प्रवेश किया वहाँ अपनी कन्या के साथ एक वृद्धा रहती थी । भीड़ के भय से उसने कुछ धन नहीं दिया और ये लोग निराश होकर वहाँ से लौटने लगे ।

कश्चिद् दलीयोऽस्मृतधर्मनीतिस्तामेव बालां परिवीक्ष्यमाणः ।
शान्तां भयात् कम्पितदेहवल्लीं बाष्पैः सुशीलां मुखमार्द्रयन्तीम् ॥२८॥

शिवा-अन्वयः—कश्चित् अस्मृतधर्मनीतिः दलीयः शान्ताम् भयात् कम्पितदेहवल्लीम् सुशीलाम् बाष्पैः मुखम् आर्द्रयन्तीम् ताम् एव बालाम् परिवीक्ष्यमाणः ।

भावार्थ—कोई चन्द्रशेखर के दल का ही व्यक्ति धर्मनीति को छोड़कर उसी कन्या को देखने लगा जो परम शान्त थी तथा जिसकी शरीरलता भय से कम्पित हो रही थी एवं जो सुशीला अश्रुओं से अपना मुख धो रही थी ।

अदर्शि लुब्धो विधुशेखरेण नवामलिः पङ्कजनीमिवार्याम् ।
उत्तोल्य रोषेण भुशुण्डिकांस्वां निवार्य गम्भीरवं जगर्ज ॥२९॥

शिवा-अन्वयः—नवाम् पङ्कजनीम् इव आर्याम् परिवीक्ष्यमाणः अलिः इव लुब्धः विधुशेखरेण अदर्शि रोषेण स्वाम् भुशुण्डिकाम् उत्तोल्य निवार्य गम्भीररवम् जगर्ज ।

भावार्थ—नवीन कमलिनी पर लुब्ध भ्रमर की भाँ तिउस आर्य-कन्या को निहारते हुए अपने सैनिक को देखकर चन्द्रशेखर को अत्यन्त क्रोध आया और वे बन्दूक उठाकर अपने सैनिक को रोकते हुए गंभीर स्वर में गरज पड़े ।

रे नीच ! कामिन् ! भव सावधानो,
मा भूः पतङ्गः खल ! कन्यकाग्नौ ।
नो चेत् क्षणाद् भीमभुशुण्डिगोल्या,
त्वां प्रेतभर्तुर्भवनं नयामि ॥३०॥

शिवा-अन्वयः—रे नीच ! कामिन् ! सावधानो भव ! खल ! कन्य-काग्नौ पतङ्गो मा भूः नो चेत् क्षणात् भीमभुशुण्डिगोल्या त्वाम् प्रेतभर्तुः भवनम् नयामि ।

भावार्थ—अरे नीच ! कामी ! सावधान हो जा । कन्या रूप अग्नि में पतङ्गन मत बन, नहीं तो इसी क्षण बन्दूक की भयंकर गोली से तुझे यमराज के भवन भेज दूँगा ।

न्यवर्तताकर्ण्य वचः स तस्य प्रचण्डपापात् प्रथितव्रतस्य ।
आजादमालोक्य चरित्रमूर्तिं वृद्धापि तत् सम्मुखमाजगाम ॥३१॥

शिवा-अन्वयः—तस्य प्रथितव्रतस्य वचः आकर्ण्य सः प्रचण्डपापात् न्यवर्तत वृद्धा अपि चरित्रमूर्तिम् आजादम् आलोक्य तत् सम्मुखम् आजगाम ।

भावार्थ—उन छद्मव्रती चन्द्रशेखर का वचन सुनकर वह सैनिक इस प्रचण्ड पाप से निवृत्त हो गया इस प्रकार चरित्र की साक्षात् मूर्ति चन्द्रशेखर आजाद को निहारकर वह वृद्धा महिला भी उनके सामने आ गयी ।

सा कम्पमानं करमस्य पूते मुखे निधायाथ पुनर्न्यगादीत् ।
धन्योऽसि धन्या जननी त्वदीया गन्तासि शीघ्रं जनताप्रियत्वम् ॥३२॥

शिवा-अन्वयः—सा अस्य पूते मुखे कम्पमानम् करंनिधाय पुनः न्यगादीत् धन्य असि त्वदीया जननी धन्या । शीघ्रं जनताप्रियत्वम् गन्तासि ।

भावार्थ—वह वृद्धा आजाद चन्द्रशेखर के पवित्र मुख पर अपना काँपता हुआ हाथ रखकर बोली, "वत्स ! तुम धन्य हो, तुम्हारी माँ धन्य है, तुम शीघ्र ही जनता के प्रिय बन जाओगे ।

त्वं वस्तुतोनासि कुमार दस्युः कश्चिद् विशेषोध्रुवमत्रहेतुः ।
न दस्यवस्त्वत् सदृशा भवन्ति चरित्ररक्षानिरताः कदाचित् ॥३३॥

शिवा-अन्वयः—हे कुमार ! वस्तुतः त्वम् दस्युः न असि अत्र ध्रुवम् कश्चित् विशेषः हेतुः दस्यवः कदाचित् त्वत्सदृशाः चरित्ररक्षानिरताः न भवन्ति ।

भावार्थ—वृद्धा ने कहा 'हे कुमार । वास्तव में तुम डाकू नहीं हो निश्चय ही यहाँ कोई विशेष कारण है, क्योंकि डाकू लोग कभी भी तुम जैसे चरित्र रक्षा में तत्पर नहीं होते ।

निशम्य तस्मात् जनताविपत्ति विनाशलक्ष्यंधनसंग्रहं तम् ।
प्रशस्य तेजो नृवरस्य तस्य सारूद्धकण्ठापि जरा जगाद ॥३४॥

शिवा-अन्वयः—तस्मात् जनताविपत्तिविनाशलक्ष्यम् तम् धनसंग्रहम् निशम्य तस्य नृवरस्य तेजः प्रशस्य सारूद्धकण्ठा अपि जरा जगाद ।

भावार्थ—जनता के विपत्ति के विनाशरूप लक्ष्य की पूर्ति के लिये ही वह धनसंग्रह है, इस प्रकार चन्द्रशेखर से सुनकर उन नरश्रेष्ठ के तेज की प्रशंसा करके वह वृद्ध महिला गद्गद् कण्ठ से बोली ।

स्वसुस्तवोद्वाहकृते मयार्थः, समर्जितोयस्तमुपाहरामि ।
मुदा गृहीत्वा कुरु लक्ष्यसिद्धि, शिवोऽस्तु पन्थास्तव भारतेन्दोः ॥३५॥

शिवा-अन्वयः—हे भारतेन्दो तव स्वसुः उद्वाहकृते मया यः अर्थः समर्जितः तम् उपाहरामि मुदा गृहीत्वा लक्ष्यसिद्धिम् कुरु तव पन्थाः शिवः अस्तु ।

भावार्थ—हे भारत के चन्द्रमा ! तुम्हारी बहन के विवाह के लिये मैंने जो धन इकट्ठा किया था वही तुम्हें उपहार में दे रही हूँ, इसे ग्रहण करके लक्ष्य की सिद्धि करो, तुम्हारा मार्ग कल्याणप्रद हो ।

इत्थं निशम्य जरया वचनं तयोक्तम्,
धर्मान्वितं सकरुणं करुणैकमूर्तिः ।
तां चन्द्रशेखर उवाच चरित्रसिन्धुः,
सारेन्दुशेखर उरुक्रमतुल्यतेजाः ॥३६॥

शिवा-अन्वयः—इत्थम् तया जरया उक्तम् धर्मान्वितम् सकरुणम् वचनम् निशम्य करुणैकमूर्तिः चरित्रसिन्धुसारेन्दुशेखर उरुक्रमतुल्यतेजाः चन्द्रशेखरः ताम् उवाच ।

भावार्थ—इस प्रकार वृद्धा के द्वारा कहे हुए धर्मयुक्त करुणापूर्ण वचन सुनकर करुणा की अद्वितीय मूर्ति तथा चरित्र क्षीरसागर के सारभूत चन्द्रमा को अपना अलङ्करण बनाने वाले भगवान् वामन के समान तेजस्वी श्री चन्द्रशेखर आजाद उस वृद्ध महिला से बोले ।

धिग्भ्रातरं कृतमहाघमभाग्यभाजम्,
मां यः स्वसुः परिणयार्थधनस्य हर्ता ।
साहाय्यकोटिशतमेव न सम्विधत्ते,
किं मादृशेन भगिनी भजते प्रमोदम् ॥३७॥

शिवा-अन्वयः—कृत महाघम् अभाग्यभाजम् माम् भ्रातरम् धिग् यः साहाय्य कोटिशतम् न सम्विधत्ते स्वसुः परिणयार्थधनस्य एव हर्ता मादृशेन किम् भगिनी प्रमोदम् भजते ?

भावार्थ—महान पाप करने वाले अभागे मुझ जैसे भ्राता को धिक्कार है, जो बहन की करोडों सहायता तो नहीं कर सकता उलटे उसके विवाह के लिये इकट्ठे किये हुए धन का अपहरण कर लेता है। क्या मुझ जैसे जघन्य भ्राता से बहन को आनन्द का अनुभव होता है ?

मातर्व्रजामि धनमेतदहं न लप्स्ये,
यन्मे स्वसुः परिणयाय समर्जि शश्वत् ।
जीविष्यते यदि सुखं भगिनीविवाह,
मालोकयन् स्वनयनं सफलं करिष्ये ॥३८॥

शिवा-अन्वयः—हे मातः ! व्रजामि मे स्वसुः परिणयाय यत् शश्वत् समर्जि एतत् धनम् अहम् न लप्स्ये । यदि जीविष्यते तदा सुखम् भगिनी विवाहम् आलोकयन् स्वनयनम् सफलम् करिष्ये ।

भावार्थ—हे माँ ! अब मैं जा रहा हूँ जो मेरी बहन के विवाह के लिये आपके द्वारा सदा से एकत्र किये गये इस धन को मैं नहीं लूंगा, यदि जीता रहूँगा तब सुखपूर्वक बहन के विवाह को देखकर अपने नेत्र को सफल करूंगा ।

तां भक्तिनिर्भरमना शिरसा प्रणम्य,
मित्रैः प्रशस्तचरितः समगात् प्रवीरः ।
एवं चरित्रकिरणैः पुरुषक्षपेशः,
सम्पूर्णभारतनभो धवलं चकार ॥३९॥

शिवा-अन्वयः—भक्तिनिर्भरमनाः शिरसा ताम् प्रणम्य मित्रैः प्रशस्तचरितः प्रवीरः समगात् एवम् पुरुषक्षपेशः चरित्रकिरणैः सम्पूर्ण-भारतनभः धवलम् चकार ।

भावार्थ—वीर चन्द्रशेखर भक्तिपूर्ण मन से उस वृद्धा को प्रणाम करके चले गये । मित्रों के द्वारा उनके इस चरित्र की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी । इस प्रकार पुरुषों में चन्द्रमा के समान आजाद, चरित्र रूप किरणों से सम्पूर्ण भारत रूप आकाश को धवल बनाते रहे ।

एकोनविंशति शतोत्तरलोकसप्त,
संख्यान्विते रिपुगणैः सह खिष्ठवर्षे ।
आन्दोलनं समकरोत् किल गान्धिवर्यः,
तस्मिन्निमे बहुतरं विदधुः स्वयोगम् ॥४०॥

शिवा-अन्वयः—एकोनविंशतिशतोत्तरलोकसप्तसंख्यान्विते खिष्ठवर्षे गान्धिवर्यः रिपुगणैः सह आन्दोलनम् समकरोत् तस्मिन् इमे बहुतरम् स्वयोगम् विदधुः ।

भावार्थ—१९२१ ईसवी में जब महात्मा गांधी ने शत्रुसमूह अंग्रेजों के साथ असहयोग आन्दोलन किया था उसमें भी इन क्रान्तिकारियों ने अपना बहुत योगदान दिया ।

टिप्पणी—एकोनविंशतिशतोत्तरलोकसप्तसंख्यान्विते—लोकास्त्रयः, लोकगुणिताः सप्त इति लोकसप्त एकविंशति । एकोनविंशतिशतेभ्यः उत्तराणि लोक सप्त यस्यां एवं परिमिता या संख्या तया अन्विते ।

कस्मिंश्चिदेतेऽथ गृहे यथोक्तम्,
प्रारब्धवन्तो निजदस्युकार्यम् ।
भुशुण्डिकानाद विनीतनिद्रा,
ग्राम्याः सहास्त्रास्तरसाभ्यधावन् ॥४१॥

शिवा-अन्वयः—अथ एते कस्मिंश्चिद् गृहे यथोक्तम् निजदस्युकार्यम् प्रारब्धवन्तः भुशुण्डिकानादविनीतनिद्राः सहास्त्राः ग्राम्याः तरसा अभ्यधावन् ।

भावार्थ—एक दिन चन्द्रशेखर आदि क्रान्तिकारियों ने एक किसी घर में प्रथम कहे हुए लक्ष्य के अनुसार अपना दस्यु कार्य अर्थात् धन लूटना प्रारम्भ कर दिया बन्दूकों की गड़गड़ाहट से जब गाँव वालों की नींद खुली तब वे अस्त्र-शस्त्र लेकर वेग से दौड पड़े ।

प्रचिक्षिपु केचिदमीषु यष्टी भल्लानि केचित् परशूंस्तथोग्रान् ।
कृत्वा घटाटोपमयं गृहं तत् स्थिताः समावृत्य यथा घनास्ते ॥४२॥

शिवा-अन्वयः—केचिद् अमीषु यष्टि प्रचिक्षिपुः केचिद् भल्लानि तथा उग्रान् परशून् प्रचिक्षिपु तद् गृहम् घटाटोपमयम् कृत्वा ते समे यथा घनाः समावृत्य स्थिताः ।

भावार्थ—कुछ लोगों ने उन पर लाठियाँ चलाई कुछ लोगों ने

भाले तथा फरसे फेंके, इस प्रकार उस घर को बादलों की भाँति घटाटोप बनाकर सभी ग्राम निवासी चारों ओर से घेरकर खड़े हो गये ।

निरीक्ष्य पाथोधिमिवाप्तकोपं सम्मर्दमेते स्वधनं विहाय ।
सर्वेऽपलायन्त भटाः कयाचित् स्त्रियानिरुद्धःशशिशेखरोऽसौ ॥४३॥

शिवा-अन्वयः—एते सर्वे भटाः पाथोधिम् इव आप्तकोपम् सम्मर्दं निरीक्ष्य स्वधनम् विहाय अपलायन्त असौ चन्द्रशेखरः कयाचित् स्त्रिया निरुद्धः ।

भावार्थ—सभी वीर समुद्र के समान उमड़ते हुए अत्यन्त कुपित जनसमूह को देखकर अपना धन छोड़कर भाग गये किन्तु ये चन्द्रशेखर किसी स्त्री के द्वारा पकड़ लिये गये ।

सा वै प्रगल्भप्रकृतिः प्रगल्भं, वाक्यं रशन्ती वपुषा प्रगल्भा ।
उच्छिद्य हस्ताद्रभसा भुशुण्डीं तस्मिन् सरोषा प्रजहारयष्टिम् ॥४४॥

शिवा-अन्वय—सा प्रगल्भप्रकृतिः वपुषा प्रगल्भा प्रगल्भवाक्यम् रशन्ती रभसा हस्ताद् भुशुण्डीं उच्छिद्य सरोषा तस्मिन् यष्टिं प्रजहार ।

भावार्थ—वह स्त्री प्रकृति और शरीर दोनों से प्रगल्भ थी वह अशिष्ट वाक्य बोलती हुई आजाद चन्द्रशेखर के हाथ से बलपूर्वक बन्दूक छीनकर उन पर रुष्ट होती हुई लाठी से प्रहार कर बैठी ।

आजन्मतः स्त्रीजनतोतिभीरुर्न प्राभवत् तां प्रतिकर्तुमेषः ।
अवेक्ष्य चैतत् सुदृढ़स्वभावं चक्रुः प्रशंसां सुहृदश्च भूरि ॥४५॥

शिवा-अन्वय—आजन्मतः स्त्रीजनतः अतिभीरुः एषःताम् प्रतिकर्तुम् न प्राभवत् च एतत् सुदृढ़स्वभावम् अवेक्ष्य सुहृदः भूरिप्रशंसाम् चक्रुः ।

भावार्थः—जन्म से ही स्त्रीजनों से अत्यन्त भीरु होने के कारण श्री चन्द्रशेखर आजाद उस महिला का कोई प्रतीकार नहीं कर पाये उनके सुदृढ़ स्वभाव को देखकर मित्रों ने बड़ी प्रशंसा की ।

हिंसातिपीडाव्यसनं जनानां कृच्छ्रेण साध्यं द्रविणं तथाल्पम् ।
विचिन्त्य चास्मिन् सुभटैस्तदैव विनिश्चितं कार्यमिदं विहातुम् ॥४६॥

शिवा-अन्वयः—अस्मिन् कार्ये जनानाम् अति पीडाव्यसनम् हिंसा च तथा कृच्छ्रेण साध्यम् अल्पम् द्रविणम् इत्थम् सुभटैः विचिन्त्य इदम् कार्यम् विहातुम् विनिश्चितम् ।

भावार्थः—इस कार्य में लोगों की हिंसा, पीड़ा और स्वयं को भी

बहुत थोड़ा साथी पड़ती है और बहुत कष्ट से धन भी थोड़ा ही मिलता है, इस प्रकार विचार करके क्रान्तिकारियों ने उसी समय इस कार्य को छोड़ने का निर्णय लिया।

निशम्य कञ्चिच्छशिशेखरोऽसौ मठाधिपं रोगवशं तदन्ते।
भवेत् तदर्थेन दलोपकारस्तस्मात् तदीयः परिचारकोऽभूत् ॥४७॥

शिवा-अन्वयः—असौ शशिशेखरः कञ्चित् मठाधिपम् रोगवशम् निशम्य तदन्ते तदर्थेन दलोपकारः भवेत् तस्मात् तदीयः परिचारकः अभूत्।

भावार्थः—चन्द्रशेखर ने किसी महन्त को रोगवश सुनकर और यह विचार करके कि इसके मरने पर इसकी सम्पत्ति से सेना का बड़ा उपकार होगा अतः उसके सेवक बन गये।

नाकारिकालादपि येन भीतिः स एव देशस्य हिताय वीरः।
वहंस्तदीयान् शिरसा निदेशान् उवास मासान् कतिचिद् विषण्णः ॥४८॥

शिवा-अन्वयः—येन कालात् अपि भीतिः न अकारि स एव वीरः देशस्य हिताय तदीयान् निदेशान् शिरसा वहन् कतिचित् मासान् विषण्णः उवास।

भावार्थः—जो कभी काल से भी नहीं डरे थे वे ही वीर चन्द्रशेखर देश के हित के लिए उस महन्त के आदेशों को नतमस्तक होकर स्वीकार करते दुःखी मन से कुछ महीनों तक उसकी सेवा में रहे।

ये लोलुपाः सौधगृहाः सुकेश श्मश्रुवन्विता वेदविरुद्धमार्गाः।
विलासिनो धर्मविघातनिष्ठा संन्यासिनस्त्यागरता कलौ ते ॥४९॥

शिवा-अन्वय—ये लोलुपाः सौधगृहाः सुकेशश्मश्रुवताः वेदविरुद्धमार्गाः विलासिनः धर्मविघात निष्ठाः कलौ ते त्यागरताः संन्यासिनः (कथ्यन्ते इति शेषः)।

भावार्थः—जो लोग विषयों के लोलुप होते हैं तथा ऊँचे-ऊँचे महलों में निवास करते हैं सुन्दर केश दाढ़ी मूँछ आदि अलङ्कारों से युक्त रहते हैं तथा जिनका मार्ग वेद विरुद्ध होता है इस प्रकार के विलासी धर्मध्वंसी लोगों को ही कलियुग में त्यागी और संन्यासी कहा जाता है।

अहो स्वधर्मैकृत भूरिनिष्ठाः शान्ताः सदाचाररताः सुशीलाः।
श्रुतान्विता धर्मपरा दरिद्रास्त एव सीदन्ति कलौ विपन्नाः ॥५०॥

शिवा-अन्वयः—अहो ते जनाः स्वधर्मैकृतभूरि निष्ठा शान्ताः सदाचाररताः सुशीलाः श्रुतान्विताः धर्मपराः ते एव कलौ दरिद्राः विपन्नाः सीदन्ति।

भावार्थ—अहो खेद है! जो लोग वैदिकधर्म में अत्यन्त निष्ठा रखते हैं तथा स्वभाव से शान्त होते हैं एवं वैदिक धर्म से अनुमोदित सदाचरण करते हैं एवं शास्त्र तथा वेदविहित धर्मानुष्ठान में तत्पर रहते हैं वे ही इस कराल कलिकाल में धनहीन होकर विपत्तियों से मारे हुए अनेक प्रकार से कष्ट पाते हैं। (यह उनकी परीक्षा ही तो है)

पाद टिप्पणी—कलौ विपन्नाः— इह दुष्टाः प्रसीदन्ति कलौ सीदन्ति सज्जनाः अर्थात् कलियुग में कुछ समय के लिए दुष्ट प्रसन्न और सन्त दुःख पाते हैं। परन्तु इसे युगधर्म समझकर सज्जनों को कभी भी अपना वैदिक सनातन मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। अन्ततः जीत सज्जनों की ही होती है। सत्यमेव जयते नासत्यम्।

प्रतीक्षमाणो मरणं तदीयं जपंस्तदर्थं जपमालिकायाम्।
न्यवर्ततासम्भवमाकलय्य समन्वभूत्तं कलिकालनेमिम् ॥५१॥

शिवा-अन्वयः—(स) चन्द्रशेखरः) तदीयं मरणं प्रतीक्षमाणः जपमालिकायां तदर्थं जपन् तत् असम्भवं आकलय्य न्यवर्तत। तं कलिकालनेमिम् च समन्वभूत्।

भावार्थ—श्री चन्द्रशेखर आजाद उस ढोंगी महन्त के मरने की प्रतीक्षा करते हुए जपमालिका पर उसी के मरणार्थ जप करते हुए उसका मरण असम्भव मानकर (कुछ समय पश्चात्) लौट आये।

स्वं राजकीयं प्रसभं हरेम यत्प्राणिनां शोषणतोऽस्ति लब्धम्।
धिक् तद्धनं पापिभिरुद्यमानं राष्ट्रोपकाराय न यद् व्ययः स्यात् ॥५२॥

शिवा-अन्वयः—यत् प्राणिनाम् शोषणतो लब्धम् अस्ति (तत्) राजकीयं स्वं प्रसभं हरेम। पापिभिः अर्ज्यमानं तद् धनं धिक्। यद्व्ययः राष्ट्रोपकाराय न स्यात्।

भावार्थ—(चन्द्रशेखर आदि ने विचार किया) कि जो धन प्राणियों के शोषण से प्राप्त हुआ है उस राजकीय अर्थात् ब्रिटिश शासन के धन को हम बलपूर्वक लूटें क्योंकि पापियों के द्वारा इकट्ठे किये गये उस धन को धिक्कार है जिसका राष्ट्र के उपकार के लिए व्यय नहीं होता।

विचिन्त्य चेत्थं हृदि देशभक्ता रामप्रसादमुखाः सरोषाः ।
उत्साह्यमानाः शशिशेखरेण काकोरिनामस्थलमभ्यगच्छन् ॥५३॥

शिवा-अन्वयः—इत्थं च हृदि विचिन्त्य रामप्रसाद प्रमुखाः सरोषाः देशभक्ताः शशिशेखरेण उत्साह्यमाना काकोरिनामस्थलम् अभ्यगच्छन् ।

भावार्थ—अब इस प्रकार हृदय में विचार करके श्री चन्द्रशेखर आजाद के द्वारा उत्साहित हुए क्रुद्ध श्री रामप्रसाद बिस्मिल आदि क्रान्तिकारी देशभक्त काकोरी नामक स्थल पर आये ।

टिप्पणी—'काकोरी' उत्तर प्रदेश के गोरखपुर शहर के निकट का एक प्रसिद्ध स्थान है जहाँ क्रान्तिकारियों ने राजकीय कोष लूटा था ।

अथैकदारुह्य च वाष्पयानं निरोध्य यन्त्रेण गतिं तदीयाम् ।
मञ्जूषिकां लोहमयेन भित्वा कोषं लुलुण्ठुः खलु शासकीयम् ॥५४॥

शिवा-अन्वयः—अथ एकदा च (ते) वाष्पयानम् आरुह्य तदीयां गतिं यन्त्रेण निरोध्य लोहमयेन मञ्जूषिकां भित्वा राजकीयं कोषं लुलुण्ठुः खलु ।

भावार्थ—अनन्तर एक दिन उन क्रान्तिकारी वीरों ने रेलगाड़ी में चढ़कर जंजीर खींचकर रेलगाड़ी को रोककर सरकारी तिजोरियों को लोहे के छड़ों से तोड़कर समस्त राजकीय कोष लूट लिया ।

सान्ध्ये तमस्तोमसमावृतासु काष्ठासु भानौ जलधौ विलीने ।
अन्तर्हितास्ते सुभटाः निकुञ्जे शेकुर्ग्रहीतुं पुरुषा न यत्नैः ॥५५॥

शिवा-अन्वयः—सान्ध्ये काष्ठासु तमस्तोमसमावृतासु भानौ जलधौ विलीने ते सुभटाः कुञ्जे अन्तर्हिताः । पुरुषाः यत्नै गृहीतुं न शेकुः ।

भावार्थः—यह समय सन्ध्या का था अतः सभी दिशाएँ गहन अन्धकार से घिरी हुई थीं । इस परिस्थिति का सदुपयोग करते हुए वीर क्रान्तिकारी राजकीय धन लूटकर पास के जंगल की झाड़ियों में छिप गये । अनेक प्रयास करके भी अंग्रेज सैनिक उन्हें पकड़ नहीं सके ।

देशे समस्ते प्रससार वृत्तं सर्वेषु पत्रेषु च पत्रिकासु ।
प्रकाशितं तैलवदम्भसीदं काकोरिकाण्डेत्यभिधानमाशु ॥५६॥

शिवा-अन्वयः—अम्भसि तैलवत् आशु समस्ते देशे काकोरिकाण्डेत्यभिधानम् इदं वृत्तं प्रससार सर्वेषु पत्रेषु पत्रिकासु च प्रकाशितम् ।

भावार्थः—जल में तेल की भांति अतिशीघ्र काकोरीकाण्ड नाम से यह वृत्तान्त सम्पूर्ण देश में फैल गया तथा सभी समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं में प्रकाशित हुआ ।

ज्ञात्वादम्य पराक्रमान् नरहरीन् क्रान्तौ रतान् सुव्रतान् ।
सक्रोधं ब्रिटिशाख्य शासनमथो तान्निग्रहीतुं बलात् ।
यावद् भूधरजांघ्रियावितमही माशैल राजाद् दृश्य ।
देशे राजनृणां ततान निखिले जालं जडव्यधवत् ॥५७॥

शिवा-अन्वयः—अथ क्रान्तौ रतान् सुव्रतान् नरहरीन् अदम्य पराक्रमान् ज्ञात्वा तान् बलात् निग्रहीतुं सक्रोधं ब्रिटिशाख्यशासनम् आशैलराजात् भूधरजांघ्रिपावितमहीं यावत् निखिले देशे जडव्याधवत् राजनृणां हहं जालं ततान ।

भावार्थः—इसके पश्चात् क्रान्ति में तत्पर स्वतन्त्रता के श्रेष्ठ व्रत से सम्पन्न उन नरकेसरी वीर पुरुषों को अदम्य पराक्रम से युक्त जानकर उन्हें बलपूर्वक बन्दी बनाने के लिये अत्यन्त क्रुद्ध ब्रिटिश शासन ने हिमालय से कन्याकुमारी पर्यन्त सम्पूर्ण भारत देश में निर्मम बहेलिये की भाँति पुलिस का एक सुदृढ़ जाल बिछा दिया ।

टिप्पणी—भूधरो हिमालयः तस्मात् जाता भूधरजा, कन्यारूपिणी पार्वती तस्या अंघ्रिभ्यां चरणाभ्यां पाविता पवित्रीकृता या मही भूमिः तां भूधरजाङ्घ्रिपावितमहीम् कन्याकुमारीम् इति भाव ।

भगवती पार्वती जी ने दक्षिण में समुद्रतट पर भगवान शिव को पाने के लिये कुमारी कन्या का वेश धारण करके उग्र तप किया था । अतः आज भी उस स्थान को कन्याकुमारी कहते हैं । वही भारत की दक्षिणी सीमा भी है । इसी कारण 'काश्मीर से कन्याकुमारी' यह लोकोक्ति प्रसिद्ध है ।

ये ये नियुक्ताः पुरुषाः गृहीता निरागसः क्रान्तिरताः सपत्नैः ।
संयोजितं तेषु कठोरदण्डं कारादिकं दारुणताडनञ्च ॥५८॥

शिवा-अन्वयः—ये ये निरागसः पुरुषाः नियुक्ताः क्रान्तिरताः सपत्नैः गृहीता तेषु दारुणताडनम् कारादिकं च कठोरदण्डम् संयोजितम् ।

भावार्थ—जो जो क्रान्तिकारी महापुरुष निरपराध होने पर भी अंग्रेजों द्वारा पकड़े गये उन पर कठोर बेतों का प्रहार जेल और आदि निर्मम दण्डों की व्यवस्था की गयी ।

रामप्रसादप्रमुखास्तथान्ये ये वै सहाया शशिशेखरस्य ।
ते जीर्णवासोवदमन्दहर्षाः जहुः शरीरं गलबन्धतीर्थे ॥५९॥

शिवा-अन्वयः—तथा अन्ये रामप्रसादप्रमुखाः ये शशिशेखरस्य सहायाः ते अमन्दहर्षाः गलबन्धतीर्थे जीर्णवासोवत् शरीरम् जहुः ।

भावार्थ—और जो रामप्रसाद आदि श्री चन्द्रशेखर के अन्य सहायक

थे उन्होंने गलबन्ध यानी (फाँसी) रूप तीर्थ में अपने जीर्ण शरीर को जीर्ण वस्त्र के समान छोड़ दिया।

न भक्तसिंहं विधुशेखरञ्च क्षमा ग्रहीतुं रिपवः सयत्नाः।
अनुक्षणं तौ परिचिन्तयन्तः कृत्स्नं जगत् तन्मयमभ्यपश्यन् ॥६०॥

शिवा-अन्वयः—सयत्नाः रिपवः भक्तसिंहम् च विधुशेखरम् ग्रहीतुम् न क्षमा। अनुक्षणम् तौ परिचिन्तयन्तः कृत्स्नम् जगत् तन्मयम् अभ्यपश्यन्।

भावार्थ—अंग्रेज शत्रु प्रयास करके भी भगतसिंह और चन्द्रशेखर को नहीं पकड़ पाये, वे निरन्तर इन दोनों का चिन्तन करते हुए सम्पूर्ण जगत को ही भगतसिंह और चन्द्रशेखर के रूप में देखने लगे।

उपरतेषु सुहृत्सु महामना सुभटराजगुरु प्रमुखेष्वयम्।
बहु शुशोच विलोचनवारिभिः कृतमृतप्रियबान्धवतर्पणः ॥६१॥

शिवा-अन्वयः—सुभटराजगुरुप्रमुखेषु सुहृत्सु उपरतेषु विलोचनवारिभिः कृतमृतप्रियबान्धवतर्पणः बहु शुशोच॥

भावार्थ—राजगुरु आदि अपने प्रिय मित्रों के समाप्त हो जाने पर महामना चन्द्रशेखर अपने आँसुओं से मृत बान्धवों का तर्पण करके बहुत शोकाकुल हो गये।

टिप्पणी—कृतं मृतानां प्रियाणां बान्धवानां तर्पणंयेन सः कृतमृतप्रियबान्धव तर्पणः। द्रुतविलम्बितवृत्तम्।

अयि विधे भवता किमभीप्स्यते गतदयेन यदप्रियकारिणा।
विमलभारतभाग्यनवेन्दवः सपदि हा ग्रसिता रिपुराहुभिः ॥६२॥

शिवा-अन्वयः—अयि विधे गतदयेन अप्रियकारिणा भवता किम् अभीप्स्यते! यत् विमलभारतभाग्यनवेन्दवः रिपुराहुभिः सपदि ग्रसिता हा।

भावार्थ—हे विधाता दयाशून्य एवं अप्रिय करनेवाले आप क्या चाह रहे हैं। क्योंकि निर्मल भारत भाग्याकाश के अनेक नये नये चन्द्रमाओं को आपने अंग्रेज रूप राहुओं द्वारा ग्रसवालिया।

टिप्पणी—ग्रसनं ग्रसः पचादित्वात् अच्। ग्रसं आचष्टे करोति अन्तर्भावितण्यन्तत्वात् कारयति इति ग्रसयति तेन अग्रस्यन्त इति ग्रसिताः। यद्वा-ग्रसं ग्रासम् इता इति ग्रसिताः। आकृतिगणत्वेन शकन्ध्वादित्वात् पररूपम्।

अहह विस्मिलवंशदिवाकर! बहु वयं भवता परिशिक्षिताः।
कथय पूर्वमपास्य कथं हि नो दिवमगाः जनता न समुद्धृता ॥६३॥

शिवा-अन्वयः—अहह विस्मिलवंशदिवाकर! भवता वयं बहु परिशिक्षिताः कथय पूर्वं न अपास्य दिवं कथं अगाः जनता न समुद्धृता।

भावार्थ—हे बिस्मिल वंश के सूर्य आपके द्वारा हमें बहुत शिक्षा दी गई, कहिये हमें पहले छोड़कर स्वर्ग क्यों चले गये अभी जनता का उद्धार नहीं हुआ। अर्थात् अभी परतन्त्रता शेष ही है।

अहह मित्रगणो भवतः पृथक् कथमहं प्रविभर्मि निजानसून्।
प्रियतमं च फणीव मणिं विना विकलमीन इवाम्बुवियोजितः ॥६४॥

शिवा-अन्वयः—अहह मित्रगणः अहं भवतः पृथक् प्रियतमम् मणिविना फणीइव अम्बु नियोजितः विकल मीनः इव निजान्असून् कथम् प्रबिभर्मि।

भावार्थ—हे मित्रगणो परम प्रिय मणि के बिना सर्प के समान जल से बिछुड़ी हुई मछली की भाँति मैं आप लोगों से बिछुड़कर अपने प्राणों को कैसे धारण करूँगा।

खलसपत्नशरीरसमुच्छलच्छुरितशोणितशोणधरातले।
नहि ददे भवताञ्च तिलाञ्जलिं सपदि चेन्न तदा सुहृदां कृती ॥६५॥

शिवा-अन्वयः—खलसपत्नशरीरसमुच्छलच्छुरितशोणितशोणधरातले यदि भवताम् तिलाञ्जलिं सपदि नहि ददे चेत् तदा सुहृदाम्अहम् न कृती।

भावार्थ—दुष्ट शत्रुओं के शरीर से निकलते हुए तीक्ष्ण रक्त से लाल इस पृथ्वी पर यदि मैंने आप लोगों को अति शीघ्र तिलाञ्जलि नहीं दी तो मैं आप लोगों का कृतज्ञ नहीं।

इति शुचं विगणय्य सुहृत्परां धृतिनिधिर्हनुमानिव साहसी।
जनकजामिव शत्रुकरे गतां स्वबसुधां परिमोक्तुमचेष्टत ॥६६॥

शिवा-अन्वय—इति सुहृत् पराम् शुचम् विगणय्य धृतिनिधिः हनुमान् इव साहसी जनकजाम् इव शत्रुकरे गताम् स्वबसुधाम् परिमोक्तुम् अचेष्टत।

भावार्थ—इस प्रकार धैर्यवान चन्द्रशेखर अपने मित्र शोक को दबाकर हनुमान जी की भाँति अपूर्व साहस धारण कर सीताजी के समान,

शत्रु अंग्रेजों के हाथ में गयी हुई अपनी मातृभूमि को मुक्त करने की चेष्टा करने लगे।

पुनरयं प्रणिधाय मनः सुधी कटकसंघटनेन यथाक्रमम्।
अरिविरुद्धसमस्तदलस्य वै समभवत् स्वबलेन चमूपतिः ॥६७॥

शिवा-अन्वयः—पुनः अयम् सुधीः प्रणिधाय यथाक्रमम् कटक-संघटनेन स्वबलेन अरिविरुद्धदलस्य चमूपतिः समभवत्।

भावार्थ—सुन्दर चेतनशील चन्द्रशेखर अपने मन को फिर से वश में करके क्रमानुसार सैन्य संघटन एवं अपने अलौकिक पराक्रम से अंग्रेजों के विरुद्ध संघटित क्रान्तिदल के सेनापति बन गये।

अनुनिमेषमरिघ्ननरर्षभैः परिवृतः स्वगणैर्दृढनिश्चयैः।
खलबधव्यसनी स्वगुणैरसावनुचकार मुदा शशिशेखरम् ॥६८॥

शिवा-अन्वयः—असौ अरिघ्ननरर्षभैः दृढनिश्चयैः स्वगणैः परिवृतः खलबधव्यसनी स्वगुणैः अनुनिमेषं मुदा शशिशेखरं अनुचकार।

भावार्थ—शत्रुनाशक नरश्रेष्ठ तथा दृढ़ निश्चय वाले अपने मित्रों से घिरे हुए वे श्री चन्द्रशेखर दुष्टों के बधरूप व्यसन को स्वीकार करके प्रसन्नता से निरन्तर भगवान चन्द्रशेखर शिव का अनुकरण करने लगे।

विधिरिवेहितनूतनसृष्टिको हरिरिवात्मभुवं च रिरक्षिषुः।
हर इवारिलये कृतनिश्चयस्त्रिसुरतां समयात्स्वगुणैरयम् ॥६९॥

शिवा-अन्वयः—अयम् (चन्द्रशेखरः) विधिः इव ईहितनूतनसृष्टिकः च हरिः इव आत्मभुवं रिरक्षिषुः हरः इव अरिलये कृतनिश्चयः स्वगुणैः त्रिसुरतां समयात्।

भावार्थ—ये श्री चन्द्रशेखर ब्रह्मा की भाँति नयी सृष्टि की कल्पना करके, विष्णु की भाँति भारत भूमि की रक्षा के इच्छुक होकर, शंकर की भाँति शत्रुओं के प्रलय का दृढ़ निश्चय धारण करके अपने ही गुणों से ब्रह्मा, विष्णु, शंकर इन त्रिदेवों का गुण धर्म प्राप्त कर रहे थे।

कपटवेशकृदद्भुतसाहसे रिपुगणैरनवेक्षितचेष्टितः।
परिनिविश्य गुहागिरिकन्दराः स विचचार परिव्रजतांवरः ॥७०॥

शिवा-अन्वयः—सः परिव्रजताम् वरः कपटवेषकृत् अद्भुतसाहसः रिपुगणैः अनवेक्षितचेष्टितः गुहागिरिकन्दराः परिनिविश्य विचचार।

भावार्थ—वे चन्द्रशेखर परिव्राजकों में श्रेष्ठ सन्त की भाँति अद्भुत

साहसी होकर गोपनीय वेश में शत्रुओं से अपनी चेष्टाओं को छिपाकर अनेक पर्वत की गुफाओं और कन्दराओं में छिपते हुए विचरण करने लगे।

स ब्रह्मचर्यव्रतवृद्धतेजाः काषायवासा फलमूलसेवी।
कमण्डलुं चारुजटां दधानः परन्तपो भार्गववद्बभूव ॥७१॥

शिवा-अन्वयः—सः ब्रह्मचर्यव्रतवृद्धतेजाः काषायवासा फलमूलसेवी कमण्डलुम् चारुजटां दधानः भार्गववत् परन्तपः बभूव।

भावार्थ—वे चन्द्रशेखर ब्रह्मचर्यव्रत से दिव्यतेज सम्पन्न एवं काषाय-वस्त्रधारी तथा फलमूल का सेवन करके कमण्डलु और श्रेष्ठजटाको धारण करते हुए भगवान परशुराम के समान शत्रुओं के उत्पीडक हो गये।

गोरप्रभो गौरवधव्रतश्च विशालबाहुः परिपीनवक्षाः।
सुमांसलांसो नवपङ्कजास्यो रेजे यथा वीररसः शरीरी ॥७२॥

शिवा-अन्वयः—सः गौरप्रभः गौरवधव्रतः विशालबाहुः परिपीन-वक्षाः सुमांसलांसः नवपङ्कजास्यः शरीरी वीररसः यथा रेजे।

भावार्थ—चन्द्रशेखर का वर्ण गौर था और गौराङ्ग अंग्रेजों के वध का उन्होंने व्रत लिया था। उनकी भुजाएँ विशाल तथा वक्षस्थल मोटा था वे मांसल स्कन्ध एवं नवीन कमल मुख वाले युवक श्रेष्ठ, शरीर धारण किये हुए वीररस के समान सुशोभित हो रहे थे।

मांसं मदो द्यूतरतिर्विहारः स्त्रीसङ्गमो नृत्यकलाण्डभोगः।
एकोऽपि दोषः शशिशेखरस्य छायामपि स्प्रष्टुमहो न शेके ॥७३॥

शिवा-अन्वयः—अहो मांसम् मदः द्यूतरतिर्विहारः स्त्रीसङ्गमः नृत्य-कला अण्डभोगः एकः अपि दोषा शशिशेखरस्य छायाम् अपि स्प्रष्टुं न शेके।

भावार्थः—अहो आश्चर्य है। मांस, मद, द्यूत, रति, विहार, स्त्रीस-भागम, नाच, गाना, अण्डभोजन इनमें से कोई भी एक दोष श्री चन्द्र-शेखर आजाद की छाया को भी नहीं छू सका।

सवेत्रवत्या सरितः सुतीरे वानीरमुख्यैस्तरुभिर्निगूढे।
चकार रम्यां निजपर्णशालां स्वतन्त्रतादैवतदत्तचित्तः ॥७४॥

शिवा-अन्वयः—स्वतन्त्रतादैवतदत्तचितः सः वानीरमुख्यैः तरुभिः निगूढे वेत्रवत्याः सुतीरे रम्यां निजपर्णशालां चकार।

भावार्थ—स्वतन्त्रता देवी में अपना चित्त लगाकर आजाद श्री चन्द्रशेखर ने बेत आदि वृक्षों से घिरे हुए बेतवा नदी के किनारे अपनी सुन्दर पर्णशाला बनायी।

अनुक्षणं देशहिताय यत्नान् विचिन्तयन् मारुतिपादपद्मम्।
समर्चयन् गूढवपुर्विनेष्यन् निनाय मासान् कतिचित् स बालान् ॥७५॥

शिवा-अन्वयः—सः देशहिताय अनुक्षणम् यत्नान् विचिन्तयन् मारुतिपादपद्मम् समर्चयन् गूढवपुः बालान् विनेष्यन् कतिचित् मासान् निनाय।

भावार्थ—अब आजाद श्री चन्द्रशेखर गुप्तवेश में रहकर निरन्तर देश के हित के लिये चिन्तन करते हुए हनुमान जी के चरण कमल की सेवा करते हुए बालकों को देश धर्म की शिक्षा देते हुए बेतवा के तट पर ही कुछ महीने बिताये।

अथैकदा संसदि वायसस्य निपात्य विस्फोटकमुग्रपातम्।
जहार दर्पं रिपुकुञ्जराणां स भक्तसिंहस्तरुणप्रतापः ॥७६॥

शिवा-अन्वयः—अथ एकदा वायसस्य संसदि तरुण प्रतापः भक्तसिंहः उग्रपातम् विस्फोटकम् निपात्य रिपुकुञ्जराणां दर्पं जहार।

भावार्थ—इसके अनन्तर एक बार वायसराय की संसद में तरुण प्रतापी सिंह के समान प्रतापवान भगतसिंह ने भयङ्कर बम गिराकर शत्रु-रूपी हाथियों का गर्व चूर्ण कर दिया।

तैः प्राणदण्डं समघोषितस्य सन्तोष्य सर्वान् सुहृदः कुटुम्बम्।
वक्तुं व्यथां भारतवासिनां वै मुदा सुरेन्द्रस्य सभासदोऽभूत् ॥७७॥

शिवा-अन्वयः—तैः तस्य प्राणदण्डम् समघोषितस्य सः सर्वान् सुहृदः कुटुम्बम् सन्तोष्य भारतवासिनाम् व्यथां वक्तुं सुरेन्द्रस्य सभासदः अभूत्।

भावार्थ—अंग्रेजों ने भगतसिंह को फांसी की सजा सुनाई वे अपने मित्रों एवं परिवार को आश्वासन देखकर प्रसन्नता पूर्वक देवताओं को भारतवासियों की व्यथा सुनाने के लिये इन्द्र के सभासद बन गये अर्थात् हँसते-हँसते सूली पर लटक गये।

सख्यौ मृते साहसधर्मशीले मुहूर्तमासीद् विमना मनस्वी।
भूयो विवेकेन विधूयशोकं स संघटं तीव्रगतिं व्यधत्त ॥७८॥

शिवा-अन्वयः—साहसधर्मशीले सख्यौमृते स मनस्वी मुहूर्तम् विमना आसीत्, भूयः विवेकेन शोकम् विधूय स्व संघटं तीव्रगति व्यधत्त।

भावार्थ—साहस और धर्म के पुञ्ज मित्र भगतसिंह के फाँसी पर लटक जाने पर मनस्वी श्री चन्द्रशेखर मुहूर्त भर अनमने से रहे फिर विवेक से मित्र शोक को समाप्त करके तीव्रता से सेना का संघटन करने लगे।

झाँसी समीपे कृतनैजवासो बालान् समाहूय कथाच्छलेन।
प्रशिक्षयन् वैरिवधप्रयत्नान् प्रावाहयद् वीररसं समत्र ॥७९॥

शिवा-अन्वय—झाँसी समीपे कृतनैजवासः बालान् समाहूय कथाछलेन वैरिवधप्रयत्नान् प्रशिक्षयन् समत्र वीररसम् प्रवाहयत्।

भावार्थ—झाँसी के समीप निवास करके कथा के बहाने से सभी बालकों को बुला-बुलाकर शत्रु के वध के उपायों की शिक्षा देते हुए आजाद जी ने सब ओर वीर रस प्रवाह को प्रवाहित कर दिया।

